संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 26 मई 2025 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिष्टाचार भेंट करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 143 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना भारत, जापान को पीछे छोड़ा




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारत ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफलता हासिल कर ली है। भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में जापान को पीछे छोड़ दिया है। इस तरह अब सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी ही अर्थव्यवस्था के मामले में भारत से आगे हैं। इस बात की जानकारी नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने दी है। उन्होंने दावा किया है कि भारत की अर्थव्यवस्था अब 4 ट्रिलियन डॉलर की हो गई है। नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सुब्रह्मण्यम ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों का हवाला देकर कहा कि ग्लोबल और इकोनॉमिक माहौल भारत के अनुकूल बना हुआ है। इस वजह से भारत अर्थव्यवस्था के मामले में जापान से आगे निकल गया है और अब हम चार ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन गए हैं। यदि हम अपनी योजनाओं और विचारों पर कायम रहते हैं, तो आने वाले ढाई से तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएंगे। पत्रकारों से बात करते हुए बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत एक ऐसे चरण में है, जहां ये बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसंख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए ही प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि ये एक लंबी और सतत प्रक्रिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ के अप्रैल 2025 के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार फिलहाल अर्थव्यवस्था के मामले में अमेरिका 30.507 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ सबसे आगे है। वहीं 19.231 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ अर्थव्यवस्था के मामले में चीन दूसरे स्थान पर है, जबकि 4.744 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत 4.187 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है, जबकि अर्थव्यवस्था के मामले में पांचवें स्थान पर खिसक जाने वाले जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर की है। इनके अलावा ब्रिटेन 3.839 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ छठे स्थान पर, फ्रांस 3.211 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ सातवें स्थान पर, 2.422 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ इटली आठवें स्थान पर, 2.225 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ कनाडा नौवें स्थान पर और 2.125 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ ब्राजील दसवें स्थान पर बना हुआ है।

**उपलब्धि**

- भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः 2028 तक जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचेगा

## राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन में 4.30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आएः सिंधिया




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत भी अब आर्थिक मजबूती की दिशा में देश के साथ मिलकर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन में 4.30 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। दिल्ली में दो दिन तक चले राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा की उत्तर पूर्व वैश्विक साझेदारी और आपसी हित के केंद्र के रूप में उभर कर सामने आया है। उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय में मुख्य रूप से कृषि खेल निवेश प्रोत्साहन पर्यटन बुनियादी ढांचा वस्त्र और हस्तशिल्प आर्थिक गलियारा इकोनामिक कॉरिडोर और पशुपालन के क्षेत्र में आठ उच्च स्तरीय कार्य बल का गठन किया है जिससे उत्तर पूर्व के प्रत्येक राज्य को अपने विकास का रोड मैप तैयार करने में सहायता मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय निवेशकों, विदेशी राजनयिकों, राजदूतों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा कर रहा है और उन्हें उत्तर पूर्व के राज्यों में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। पिछले एक साल में मंत्रालय ने इस दिशा में व्यापक राष्ट्रव्यापी और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव के प्रयास का नेतृत्व किया है। इन प्रमुख पहलों में भारत के मुख्य शहरों में नौ घरेलू रोड शो, 95 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के साथ राजदूतों की बैठकें, छह राज्य स्तरीय गोलमेज सम्मेलन और सार्वजनिक उपक्रमों, उद्योग मंडलों और कॉर्पोरेट्स के साथ कई परामर्श बैठकें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन चर्चाओं से वास्तविक परिणाम सामने आए हैं और 4.30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

- भाजपा-एनडीए के सीएम-डिप्टी सीएम से कहा- ऑपरेशन सिंदूर ने आत्मविश्वास बढ़ाया
- मोदी बोले- जाति जनगणना से लोगों को मुख्यधारा में लाएंगे, सार्वजनिक जीवन में वाणी की मर्यादा बनाए रखना आवश्यक हैः मोदी

## जाति जनगणना से लोगों को मुख्यधारा में लाएंगेः पीएम मोदी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा-एनडीए शासित 19 राज्यों के सीएम-डिप्टी सीएम के साथ दिल्ली के बैठक की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। सूत्रों के हवाले से कहा- बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि जाति जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। पीएम ने ये भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता इसकी पुष्टि करती है कि देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी ने सटीक निशाना लगाते हुए पाकिस्तान के ड्रोन-मिसाइल मार गिराए। पीएम मोदी ने भाजपा-एनडीए शासित राज्य सरकारों को गुड गवर्नेंस अपनाने का भी कहा है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा- मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर और जनगणना को लेकर प्रस्ताव पास हुआ। मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने, इंटरनेशनल योग डे 10 साल पूरे होने और देश में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। नड्डा बोले- ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना पर प्रस्ताव पास हुआ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर को लेकर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाया गया। हमारी सेना के काम की खूब सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नड्डा ने आगे कहा कि जाति जनगणना को लेकर भी एक प्रस्ताव पारित किया गया। सभी नेताओं ने इस पर सहमति दी।

### जातिगत जनगणना पर हुई चर्चा

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए का सीएम कॉन्क्लेव हुआ। इस कॉन्क्लेव में दो प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, आगे जातिगत जनगणना पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते लेकिन वंचित, पीड़ित, शोषित और दलित जो लोग छूट गए हैं, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं। यह समाज की आवश्यकता है।

### सेना के पराक्रम की प्रशंसा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है। राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और पीएम मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। वहीं, बैठक के दौरान पीएम मोदी ने पार्टी के नेताओं के लिए कुछ जरूरी निर्देश भी दिए। पीएम ने टो-टूक शब्दों में कहा कि सार्वजनिक जीवन में वाणी की मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है।

## आतंकवाद की फैक्ट्री है पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानः संजय झा




**टीम एक्शन इंडिया**

**सियोलः** भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। सात अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह भी इन शिष्टमंडलों में शामिल हैं। दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को बेनकाब करने के लिए ये प्रतिनिमंडल विदेश में अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी क्रम में संजय झा के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया पहुंचा है। यहां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जेडीयू सांसद संजय झा ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। साथ ही उसे 'आतंकवाद की फैक्ट्री' करार दिया। कोरिया गणराज्य की राजधानी सियोल में भारतीय समुदाय से वार्ता करते हुए संजय झा ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को साफ किया। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंक से निपटने के लिए नया नियम बनाया है। उन्होंने कहा कि अब भारत का रुख जैसे को तैसा वाला है। भारत के सभी दल एक साथ कह रहे हैं कि यह नया भारत है...अगर आप हमें मारेंगे, तो हम आपको वापस मारेंगे।

## लालू ने तेजप्रताप को पार्टी से छह साल के लिए किया निष्कासित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इसके साथ ही परिवार से भी तेजप्रताप को दूर कर दिया गया है। अब तेजप्रताप की पार्टी और परिवार में किसी तरह की कोई भूमिका नहीं रहेगी। रविवार को लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट करते हुए यह लिखा कि "निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है।

## सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरीः मोहन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत को इतना सामर्थ्यवान बनना चाहिए कि कोई भी शक्ति उसे पराजित न कर सके। उन्होंने संघ प्रार्थना की एक पंक्ति का उल्लेख करते हुए बताया कि यह केवल भावना नहीं बल्कि हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि अपना स्वयं का बल ही वास्तविक बल होता है और सुरक्षा के मामले में हमें किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने संघ की विचार पत्रिकाओं के संपादकों को दिए साक्षात्कार में देश, समाज और हिंदुत्व से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने आत्मनिर्भर सुरक्षा, सामाजिक समरसता, संघ में महिलाओं की भूमिका और धर्म आधारित जीवन मूल्यों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विश्व में कुछ लोग आक्रामक प्रवृत्ति के होते हैं और केवल सज्जनता से उनकी रोकथाम संभव नहीं है। सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब सज्जनता में शक्ति नहीं होती तो वह असहाय बन जाती है और शक्ति यदि सज्जनता से रहित हो तो हिंसा में बदल सकती है। इसलिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि मोहन भागवत का यह साक्षात्कार भारत के ऑपरेशन सिंदूर के पहले लिया गया था।

**स्वयं का बल**

- भारत को इतना सामर्थ्यवान बनना चाहिए कि कोई भी शक्ति उसे पराजित न कर सकेः मोहन भागवत

## टेस्ट में देश के नेतृत्व का अवसर मिलना बड़ा सम्मानः गिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम** के नए कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रेड बॉल फॉर्मेट में देश का नेतृत्व करने का अवसर मिलना एक बड़ा सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी है। मैं इस रोमांचक अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाना हैं, जहां टीम को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बीते दिन इस दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान भी कर दिया। वरिष्ठ खिलाड़ी रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया गया है, वहीं ऋषभ पंत को उप कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है।

## कोच्चि के पास समुद्र में डूबा लाइबेरियाई कंटेनर पोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कोच्चि से लगभग 38 समुद्री मील दूर रविवार को लाइबेरियाई कंटेनर पोत एल्सा-3 बाढ़ के कारण गहरे पानी में डूब गया, लेकिन भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने जहाज के सभी 24 चालक दल सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया है। समुद्र में डूबे जहाज से किसी भी तेल या रासायनिक रिसाव पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए भारतीय जहाज पूरी तरह तैयार हैं। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि 184 मीटर लंबा लाइबेरियाई कंटेनर जहाज एल्सा-3 तिरुवनंतपुरम के पास विझिनजाम बंदरगाह से 23 मई को कोच्चि बंदरगाह के लिए रवाना हुआ था। कोच्चि के रास्ते में जहाज के स्टारबोर्ड की तरफ 26 डिग्री का झुकाव होने पर चालक दल के 09 सदस्य लाइफ राफ्ट में चले गए। जहाज के कप्तान, मुख्य अभियंता और इंजीनियर बचाव कार्यों के लिए संकटग्रस्त जहाज पर सवार थे। लगभग 13.25 बजे कोच्चि से करीब 38 समुद्री मील दूर लाइबेरियाई ध्वज वाले कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए 3 पर संकट की स्थिति के बारे में सूचना मिली।

**सभी सुरक्षित**

- सभी 24 सदस्य बचाए गए, डूबे जहाज से तेल या रासायनिक रिसाव पर है नौसेना और तटरक्षक बल की नजर

## पीएम दाहोद में लोकोमोटिव संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 और 27 मई को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दाहोद, भुज और गांधीनगर में अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दौरे की शुरूआत 26 मई को दाहोद से होगी। यहां वे भारतीय रेलवे के लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। दाहोद में प्रधानमंत्री सुबह लोकोमोटिव संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे संयंत्र से निर्मित पहले इलेक्ट्रिक इंजन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह संयंत्र भारतीय रेलवे के लिए 9 हजार हॉर्सपावर के आधुनिक इलेक्ट्रिक इंजन तैयार करेगा। ये इंजन माल ढुलाई को गति देंगे और ऊर्जा की खपत को कम करेंगे। ये पुनयोर्जी ब्रेकिंग सिस्टम से लैस होंगे।

## मन की बातः ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई कर हर भारतीय को गौरव से भर दिया है। यह सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं, बल्कि बदलते भारत की ताकत, संकल्प और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर भी है। प्रधानमंत्री ने माओवादी क्षेत्र में हो रहे विकास और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भी अपने मन की बात रखी। उन्होंने बताया कि वह इस बार विशाखापट्टनम में योग दिवस से जुड़े मुख्य आयोजन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 122वें एपिसोड की शुरूआत ऑपरेशन सिंदूर से करते हुए मिशन में उपयोग में लाई गई देश की तकनीकी ताकत और घरेलू निर्माण क्षमताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसे लेकर जोश देखा गया-तिरंगा यात्राएं, कविताएं, चित्रकला और नवजात शिशुओं को सिंदूर नाम देने की परंपरा तक शुरू हो गई। प्रधानमंत्री ने माओवादी क्षेत्र में विकास की नई बयार का उल्लेख किया और कुछ उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि माओवादी क्षेत्रों में सामान्य जीवन और विकास का यह नया अध्याय समाज के साहसिक योगदान से संभव हुआ। उन्होंने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव का उदाहरण दिया, जहां पहली बार बस सेवा शुरू हुई। यह माओवादी हिंसा से मुक्त सामान्य जीवन की ओर बढ़ते गांवों का प्रतीक है।

**राष्ट्रव्यापी** *समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्गों को उनके अधिकार और अवसर प्रदान करने का करेगा मार्ग प्रशस्त*

## *जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दियाः सीएम सैनी*



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है जो समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्गों को उनके अधिकार और अवसर प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में यह बात कही। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी इस एक दिवसीय सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" का मंत्र इस निर्णय में जीवंत रूप से प्रकट हुआ है। यह कदम वंचित समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने में मदद करेगा, जिससे उनकी शिक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के लिए लक्षित नीतियां बन सकेंगी। आपका यह प्रयास समाज के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाने की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना से विभिन्न समुदायों की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन होगा, जिससे योजनाएं और अधिक प्रभावी होंगी। यह सरकार के विजन का हिस्सा है, जो हर भारतीय को समान अवसर और सम्मान प्रदान करने पर केंद्रित है। सरकार के इस कदम से समाज के सबसे कमजोर तबके का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा, जो जन-केंद्रित शासन का एक और उदाहरण है।

**दूरदर्शी नेतृत्व**

- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की नई दिल्ली में आयोजित बैठक में नायब सिंह सैनी हुए शामिल

# गाजियाबाद में एसीपी कार्यालय की छत गिरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** लोनी के इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित एसीपी अंकुर विहार कार्यालय की शनिवार रात तेज बारिश के चलते छत गिर गई। कार्यालय में सो रहे दरोगा वीरेंद्र कुमार मिश्रा मलबे में दब गए। सुबह जब अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे तो घटना का पता चला। मलबे से निकल कर वीरेंद्र कुमार मिश्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि शनिवार रात दरोगा वीरेंद्र कुमार मिश्रा कार्यालय में ही सो गए थे। रात करीब 2:30 बजे तेज बारिश के चलते उनके कार्यालय के एक कमरे की छत गिर गई। छत गिरने से वीरेंद्र कुमार मिश्रा मलबे में दब गए। रविवार सुबह पुलिस कर्मी और स्थानीय लोग एसीपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने वीरेंद्र कुमार को मलबे से निकला। एसीपी ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को अवगत कर दिया गया है।

**बारिश-आंधी के कारण फरीदाबाद में हादसे**
बारिश के कारण फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में आंधी व



बारिश से मकान ढह गया। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, फरीदाबाद के भोआपुर गांव और गांव तिगांव में रात को आसमानी बिजली गिरने से कई पशुओं की मौत हो गई। वहीं, शनि देव

**मलबे में दबे**

**कार्यालय में सो रहे दरोगा वीरेंद्र कुमार मिश्रा मलबे में दब गए। सुबह जब अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे तो घटना का पता चला**

कॉलोनी सेक्टर-56 में आंधी व बारिश से मकान की छत पर पड़ोसी की दीवार गिर गई। हादसे में परिवार बाल-बाल बचा गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी।

**आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, बिजली आपूर्ति ठप**
बीती रात आई तेज आंधी और बारिश ने नोएडा में बिजली व्यवस्था को पूरी तरह बेपटरी कर दिया। शहर के दो दर्जन से अधिक सेक्टरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे हजारों निवासियों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। आंधी की तीव्रता इतनी थी कि 200 से अधिक स्थानों पर बिजली के पोल टूट गए और तार क्षतिग्रस्त हो गए। सेक्टर 18, 22, 62, 50, 71, 73, 78, 75, 122, 81, 83, 86, 137 और ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों में बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आईं।

## न्यूज फ्लैश

### फर्जी वर्दी में फोटो डालकर रचाई शादी, ठगी में हो चुका गिरफ्तार, फिर पकड़ा गया



**गाजियाबाद :** खुद को पुलिसकर्मी बताकर दिल्ली के चंद्र विहार की युवती से शादी रचाने के मामले में फरार चल रहे संदीप निवासी बहादुरगढ़ दौराला, मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पुलिस की वर्दी, फर्जी आईडी और नेमप्लेट बरामद हुई है। जांच में पता चला है कि फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने के मामले में नोएडा की सेक्टर-49 पुलिस ने भी उसको गिरफ्तार किया था। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि तीन मार्च को नंदग्राम थाने में युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि संदीप नाम के शख्स की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिये हुई थी। उसने अपने वर्दी में कई फोटो और वीडियो डाले हुए थे। वर्दी में ही वह आता-जाता था। उसकी बातों पर भरोसा करके उन्होंने उससे शादी कर ली। इसके बाद दोनों नंदग्राम में रहने लगे थे। बाद में उनको पता चला कि उसने झूठ बोलकर शादी की थी। इसका विरोध करने पर उसने उनको बुरी तरह पीटा। कार्रवाई करने को कहने पर खुद को पुलिस में बताकर उनको डराता रहता था।

**दो दिन पहले ही जेल से आया था :** एसीपी ने बताया कि आरोपी संदीप वर्दी पहनकर लोगों पर रौब जमाता था। कई लोगों से ठगी कर चुका था। उस पर नोएडा के सेक्टर-49 में लोगों से पैसे ठगने का मुकदमा दर्ज हुआ था। वहां की पुलिस ने उसको गिरफ्तार किया था। आरोपी दो दिन पहले ही नोएडा की जेल से छूटकर आया था। जैसे ही पुलिस को पता चला कि आरोपी दबोच लिया। उसको कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया।

### ट्रेन से पैर फिसलने से युवक की हुई मौत, जा रहा था गांव, छह महीने पहले ही हुई थी शादी

**सिंभावली :** हापुड़ के सिंभावली क्षेत्र के गांव सैना निवासी 28 वर्षीय तरुण सिरोही की दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से पैर फिसलने से मौत हो गई। युवक की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया है। गांव निवासी तरूण सिरोही दिल्ली में नौकरी करते थे। उनकी करीब छह माह पूर्व ही शादी हुई थी। बताया गया है कि रोजमर्रा की तरह वह शनिवार को गांव लौटने के लिए आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ रहे थे। जहां अचानक ट्रेन ने रफ्तार पकड़ ली। झटका लगने पर तरूण का पैर फिसल गया और वह गिर गए। ट्रेन से गिरने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को उनका शव घर आया तो पत्नी समेत अन्य लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### पहले हुए झगड़े में समझौते का बनाया दबाव, नहीं मानने पर किया चाकू से हमला

**खोड़ा।** थाना क्षेत्र के लोकप्रिय विहार में पूर्व में हुए विवाद में समझौता नहीं करने पर पड़ोसियों ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद और दो अज्ञात महिलाओं पर रिपोर्ट दर्ज की है। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है। लोकप्रिय विहार खोड़ा के जावेद ने दर्ज एफआइआर में बताया कि गली में साहिल और शौकिन रहते हैं। चार अप्रैल को उनसे और उनके भाई जुनैद से मारपीट और गाली गलौज की थी। साहिल के खिलाफ खोड़ा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद से ही साहिल समझौते के लिए दवाब बनाने लगा। समझौता करने से मना कर दिया। 23 मई को दोपहर करीब तीन बजे भाई गली से घर की तरफ आ रहा था। तभी साहिल और उसके पिता शैकीन, चाचा इन्तिजार और उसके दादा अब्बास व दो महिला घर से निकलकर जुनैद से गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बचाव के लिए जुनैद ने हाथ आगे कर दिया। इससे उसके हाथ की की नस कट गई। शोर शराबा सुनकर मां और वह बचाने पहुंचे तो उनपर भी हमला कर दिया। उनके सिर में आठ टांके आए हैं। जबकि भाई की हालत गंभीर है। उसका दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है।पुलिस ने उनकी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि साहिल और शौकीन को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि दोनों पक्ष पड़ोसी हैं। आरोपित पक्ष जुनैद पर समझौता कराने के लिए दबाब बना रहे थे। जुनैद ने इनकार कर दिया तो स्वजन के साथ धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस फरार अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

# फिजिक्स-गणित के एडवांस सवालों से घूमा दिमाग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा/गाजियाबाद :** नोएडा में यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा का आयोजन हुआ। जहां जिलेभर के कुल 44 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। पहली शिफ्ट के लिए अभ्यर्थी सुबह-सुबह अपने अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। सभी अभ्यर्थी फुल तैयारी कर पहुंचे। लेकिन परीक्षा केंद्र में परीक्षा देते वक्त पेपर में आए फिजिक्स और गणित के सवालों ने सभी को गोलमोल घुमा दिया। सेक्टर 62 स्थित निजी सेंटर पर परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने बताया कि वह पूरी तैयारी करके आए थे,
लेकिन खासतौर पर फिजिक्स कठिन लगी। जिस तरह के सवाल आने की उम्मीद थी, उससे भी कठिन सवाल पेपर में पूछे गए थे। हालांकि बाकी सभी तैयारी के अनुसार आसान लगे। वहीं, अभ्यर्थी बोले पिछले साल की तुलना में जीएस का पेपर सरल था। बस फिजिक्स ने सभी का काफी समय व्यर्थ किया। इससे जो दूसरे सवाल थे, उन पर कम समय मिल सका। दूसरी शिफ्ट 2:30 बजे से शुरू होगी।

**पहली शिफ्ट का पेपर छूटते ही आसपास की सड़कें हुईं जाम :** पहली शिफ्ट का पेपर छूटते ही सेक्टर 62 स्थित सेंटर के बाहर अचानक से अभ्यर्थी छूटे तो आस पास की सड़कें पूरी तरह से जाम हो

**प्रीलिम्स**

**पहली शिफ्ट के लिए अभ्यर्थी सुबह-सुबह अपने अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। सभी अभ्यर्थी फुल तैयारी कर गई**

गईं।
टीकुछ देर तक वाहन जाम में फंसे रहे। हालांकि करीब 20 मिनट बाद लोग जाम से निकल सके। इस बीच रोड पर पार्क की गई वाहनों की लंबी कतारें भी जाम का कारण बनी।

**गाजियाबाद में 51 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन:** पहली पाली में गाजियाबाद जिले में 51 केंद्रों पर यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा कराई गई।
परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, सात जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 51 एलआइओ सहित महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रत्येक पाली दो घंटे की है। पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक थी और दूसरी पाली दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को जांच के बाद केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है।

# गाजियाबाद में एक ओर पुलिस मुठभेड़, 12 घंटों में दो पुलिस मुठभेड़,दोनों लुटेरे हुए घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन जारी है । इसी क्रम में गाजियाबाद पुलिस ने रविवार तड़के एक चेन लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से लूटेरा घायल हो गया है । पिछले 12 घंटे के दौरान बदमाशों के साथ गाजीपुर बाद पुलिस की है दूसरी मुठभेड़ है । मुठभेड़ों में दोनों ही अपराधी घायल हुए हैं । इससे पहले कोतवाली पुलिस ने राजनगर एक्सटेंशन स्थित माल के बाहर चेन स्नैचिंग करने वाले बदमाश नईम को गिरफ्तार किया था। एसीपी श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि थाना लिंक रोड पुलिस अपराधिक घटनाओं



की रोकथाम के लिए महाराजपुर मन्दिर के तिराहे पर दिल्ली से आने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक बिना नम्बर प्लेट की स्कूटी सवार एक व्यक्ति आनन्द विहार दिल्ली की तरफ से आता दिखाई दिया। जिनको चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया गया। तो नहीं रुका और अपनी स्कूटी को पीछे मोड़कर महाराजपुर की तरफ भागने लगा शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया । पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहा बदमाश कौशाम्बी बस अड्डे के पीछे खाली पडे मैदान में स्कूटी को तेजी से भगाने व मैदान ऊबड़ खाबड़ व मिट्टी होने के कारण स्कूटी फिसल कर गिर गई । पुलिस पार्टी को पीछे आते देख भाग रहे बदमाश ने पुलिस पार्टी पर सीधा फायर कर दिया । पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायल हो गया । घायल बदमाश का नाम विवेक निवासी शिव्वनपुरा थाना सिहानी गेट है।

**मुठभेड़**

**पुलिस ने राजनगर एक्सटेंशन स्थित माल के बाहर चेन स्नैचिंग करने वाले बदमाश नईम को गिरफ्तार किया था।**

### नहर में डूबे युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

**जेवर।** पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के लाख प्रयासों के बाद भी नहर में डूबे युवक का शनिवार शाम तक पता नहीं चल पाया है। गाजियाबाद से पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने दिनभर घटना स्थल से काफी दूर तक स्टीमर और गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया। ग्रामीणों ने भी नहर की दोनों पटरियों पर ट्रैक्टरों में रस्सी बांधकर पानी के अंदर युवक को ढूढने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशानिक अधिकारियों से नहर में पानी कम कराने की जिसके बाद नहर में छोड़ जाने वाली पानी को बंद कराया गया है।

# परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थी, गौतमबुद्ध नगर में बनाए 44 केंद्र

**परीक्षा केंद्र**

**यूपीएससी सिविल सर्विस प्रीलिम्स परीक्षा हो रही है। गौतमबुद्धनगर में 44 केंद्रों पर परीक्षा हो रही है**

**ग्रेटर नोएडा :** आज देशभर में यूपीएससी सिविल सर्विस प्रीलिम्स परीक्षा हो रही है। गौतमबुद्धनगर में 44 केंद्रों पर परीक्षा हो रही है। पहली शिफ्टी की परीक्षा समाप्त हो गई है। परीक्षा देकर बाहर आए अभ्यर्थियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में जीएस का पेपर सरल रहा। दूसरी शिफ्ट



2:30 बजे से शुरू होगी। बता दें कि परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रत्येक पाली दो घंटे की है। पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक थी और दूसरी पाली दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को जांच के बाद केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से आधा घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना था। प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ एक ओरिजनल फोटो आइडी लाना अनिवार्य था।

# सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएड।** ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र के चौगानपुर गांव में हुए हादसे में एक युवती (19) की जान चली गई। मृतका काजल मूलरूप से थाना नोहझील मथुरा की निवासी थी। वर्तमान में अपनी मां के साथ चौगानपुर में रह रही थी। परिजन का कहना है कि 19 मई की शाम वह गांव खेडा चौगानपुर में रोड पर जा रही थी। तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में काजल के सिर में गंभीर चोट आईं और उसे तत्काल इलाज के लिए कासना स्थित जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान ही काजल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मृतका की मां किरण देवी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे

**अज्ञात वाहन**

**19 मई की शाम वह गांव खेडा चौगानपुर में रोड पर जा रही थी। तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी**

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गोलचक्कर पर शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक कंटेनर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान कवलदीप शाह (55) निवासी देवला के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को कब्जे में लिया है। कंटेनर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**कार की टक्कर से बाइक सवार घायल**
नोएडा सेक्टर-143 के पास स्थित गौतम बुद्ध प्रतिमा के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा 15 मई की सुबह करीब उस वक्त हुआ जब शहदरा सेक्टर-141 निवासी राजेन्द्र ड्यूटी पर जाते समय अपनी बाइक से जा रहे थे। इस दौरान एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले में पीड़ित के भाई राजेश कुमार की शिकायत पर पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# उखड़े पेड़, जलभराव और बत्ती गुल.. तालाब बनीं सड़कें

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी के साथ भारी बारिश, रात 11:30 बजे से सुबह 4 बजे तक 49 उड़ानें प्रभावित हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार देर रात मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। कई इलाकों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश देखने को मिली। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद सहित एनसीआर के अन्य इलाकों में बीती रात जमकर बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश और आंधी के बाद दिल्ली के कई इलाकों में भयंकर जलभराव हो गया है। मोटी बाग, मिंटो रोड और एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 के पास के इलाकों में भारी जलभराव है। रात 11:30 बजे से सुबह 4 बजे तक 49 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए तेज बारिश और आंधी का पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था। बारिश से कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई और बिजली चली गई। जिसके कारण लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के बाद धौला कुआं में यातायात जाम और वाहनों की धीमी गति देखी गई। वहीं, भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जिसके बाद दिल्ली कैंट इलाके में एक बस और एक कार पानी में डूब गई। एनसीआर में कल रात आई आंधी और भारी बारिश के कारण अकबर रोड पर कई पेड़ गिर गए, जिन्हें हटाने का काम चल रहा है।

दिल्ली में भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव से ट्रैफिक ठप हो गया। तो वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स भी प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि कल रात खराब मौसम के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करें और अपडेट के लिए एयरलाइन कर्मचारियों के संपर्क में रहें। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति नियमित रूप से जांचते रहें तथा अपडेट के लिए एयरलाइन स्टाफ के संपर्क में रहें। दिल्ली एयरपोर्ट ने जानकारी दी है कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण रात 11:30 बजे से सुबह 4 बजे तक 49 उड़ानों का मार्ग बदला गया।










### नोएडा में आंधी-बारिश ने मचाया तबाही

**बीती** रात आई तेज आंधी और बारिश ने नोएडा में बिजली व्यवस्था को पूरी तरह बेपटरी कर दिया। शहर के दो दर्जन से अधिक सेक्टरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे हजारों निवासियों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। आंधी की तीव्रता इतनी थी कि 200 से अधिक स्थानों पर बिजली के पोल टूट गए और तार क्षतिग्रस्त हो गए। सेक्टर 18, 22, 62, 50, 71, 73, 78, 75, 122, 81, 83, 86, 137 और ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों में बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आईं।



विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आंधी के कारण कई फीडर स्टेशनों में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कुछ इलाकों में पेड़ों के गिरने से भी तार टूटे, जिसने स्थिति को और गंभीर बना दिया। निवासियों ने बताया कि बिजली न होने से गर्मी और उमस में परेशानी हुई, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग की टीमें रात से ही मरम्मत कार्य में जुट गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने और तारों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। हालांकि, कुछ इलाकों में मरम्मत कार्य जटिल होने के कारण आपूर्ति बहाल करने में समय लग सकता है।

### बारिश के बाद जलभराव को लेकर आप और भाजपा ने एक-दूसरे पर किए हमले

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार देर रात तेज बारिश के बाद विभिन्न स्थानों पर जलभराव को लेकर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने एक-दूसरे पर हमले किए। आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ने आतिशी ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों के जलभराव के फोटो और वीडियो एक्स पर पोस्ट करके दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि आज 2025 में देश की राजधानी दिल्ली का यह हाल हो गया है।

### बारिश-आंधी के कारण फरीदाबाद में हादसे



**बारिश** के कारण फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में आंधी व बारिश से मकान ढह गया। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, फरीदाबाद के भोआपुर गांव और गांव तिगांव में रात को आसमानी बिजली गिरने से कई पशुओं की मौत हो गई। वहीं, शनि देव कॉलोनी सेक्टर-56 में आंधी व बारिश से मकान की छत पर पड़ोसी की दीवार गिर गई।हादसे में परिवार बाल-बाल बचा गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी। राजधानी में मई महीने के अंत तक बारिश होने का अनुमान है। ऐसे में मौसम खुशनुमा रहेगा। बारिश के बावजूद पारा धीरे-धीरे चढ़ेगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। साथ ही आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने व तेज हवाएं चलने की संभावना है।

वहीं, 30 मई को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे। तापमान 37-40 डिग्री के बीच बना रहेगा। अगले सप्ताह प्री मानसून गतिविधियों के बढ़ने की संभावना है। वहीं, रविवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ आंधी और बिजली कड़केगी। इस दौरान तेज हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से चलने की संभावना है, जो गरज के साथ अस्थायी रूप से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। बता दें कि शनिवार को चुभन भरी गर्मी महसूस की गई। दिनभर आसमान साफ रहने व तेज धूप निकलने के कारण एनसीआर के लोगों का हाल बेहाल रहा।

लोग घर या दफ्तर से बाहर निकलते ही पसीना पोंछते नजर आए। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर 49 फीसदी रहा। शनिवार को दिल्ली के रिज में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आया नगर में 38.1, पालम में 37.6 और लोधी रोड में 37.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। साथ ही न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 28.4 डिग्री दर्ज किया गया। लोधी रोड में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आया नगर, रिज और पालम में 27.6 डिग्री दर्ज हुआ।

## पैंथर क्लब के बाहर फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रीत विहार स्थित चर्चित पैंथर क्लब के बाहर अप्रैल में हुई फायरिंग की घटना में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में वांछित मुख्य आरोपी मोहम्मद जेनुल अबिदीन उर्फ साहिल को पुलिस ने किंग्सवे कैंप इलाके से गिरफ्तार किया है। डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि घटना की रात पैंथर क्लब में दो गुटों के बीच झगड़ा हुआ था। इस दौरान जेनुल और अफाक नाम के युवक अपने साथियों के साथ क्लब में मौजूद थे। हंगामे के चलते क्लब स्टाफ ने दोनों पक्षों को बाहर कर दिया। इस बात को आरोपित अपने ईगो पर ले बैठे। इसके बाद जेनुल ने अफाक को हथियार उपलब्ध कराया और उसे स्कूटी पर बैठाकर क्लब तक लेकर गया, जहां अफाक ने क्लब के बाहर फायरिंग की और दोनों फरार हो गए। हालांकि, इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन मामला गंभीर था और स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। डीसीपी के मुताबिक, 23 मई को एएसआई राजीव कुमार को खुफिया सूचना मिली कि साहिल इस मामले में शामिल है और वह विजय नगर चौक, किंग्सवे कैंप के पास दिखाई दे सकता है।

सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर विनय भारद्वाज के नेतृत्व में एसआई विकास कुमार और उनकी टीम झ एसआई दिनेश, एएसआई सुधेश, हेड कांस्टेबल मुकेश और कृष्ण कुमार ने जाल बिछाया और संदिग्धों की निगरानी शुरू कर दी।

**काबू**

पैंथर क्लब में दो गुटों के बीच झगड़ा हुआ था। इस दौरान जेनुल और अफाक नाम के युवक अपने साथियों के साथ क्लब में मौजूद थे

## विकास कार्यों में आने वाली चुनौतियों व समाधान को समझने का मौका मिला: रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में सम्मिलित हुई। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर दी। मुख्यमंत्री ने कहा इस महत्वपूर्ण बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मिलकर उनकी भावनाओं, अनुभवों और विकास कार्यों में आने वाली चुनौतियों तथा उसके समाधान को समझने का भी अवसर मिला। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता, विकासशील सोच और समावेशी दृष्टिकोण विकसित राज्य-विकसित भारत की अवधारणा को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

**सशक्त**

राज्य-विकसित भारत की अवधारणा को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं



उनके नेतृत्व में राज्यों के सामूहिक प्रयासों को एक सूत्र में पिरोकर देश के समग्र विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में राज्यों की भिन्न-भिन्न आवश्यकताओं और संभावनाओं पर गहन चर्चा हुई, जिससे हर क्षेत्र के लिए अनुकूल नीतियां बनाने और विकास को नई गति देने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है,

जो देश की प्रगति और जनता के कल्याण के लिए एक पथप्रदर्शक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप कार्य करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना संपूर्ण योगदान देंगे तथा प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए इस दिशा में कार्य करते रहेंगे

## कपड़े की फैक्टरी में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** यहां उद्योग नगर क्षेत्र में रविवार सुबह एक कपड़े की फैक्टरी में आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना एफ-11, उद्योग नगर, गेट नंबर-2 के पास स्थित एक फैक्टरी में सुबह करीब 5:25 बजे सामने आई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल कूलिंग का कार्य अभी जारी है। दमकल अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## शाहदरा के राम नगर में गोदाम में आग, दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली ।** शाहदरा जिले के राम नगर इलाके में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक गोदाम में आग लगने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना सुबह 6:40 बजे पीसीआर कॉल के जरिए दर्ज हुई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार घटना 2829, मोटीराम रोड, राम नगर, शाहदरा स्थित एक टिन शेड वाले गोदाम में हुई। जिसका इस्तेमाल गन्ने के रस की मशीनें रखने, ई-रिक्शा चार्जिंग और पार्किंग के लिए किया जा रहा था। आग



लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।
इस हादसे में घायल हुए चार लोगों की पहचान हरिशंकर (19), रिंकू (18), मुकेश (22), और विपिन (19) के रूप में हुई है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ब्रिजेश (19) और मनीराम (18) की मौके पर ही मौत हो गई। सभी पीड़ित मूल रूप से मध्य प्रदेश और उप्र के रहने वाले थे और ई-रिक्शा के माध्यम से गन्ने का रस बेचने का काम करते थे। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और गोदाम के प्रभारी विनोद राठौर को हिरासत में ले लिया गया है। शुरूआती जांच में गोदाम में सुरक्षा मानकों की कमी सामने आ रही है। पुलिस घटना के हर पहलू की जांच कर रही है।

**जांच जारी**

यहां एक गोदाम में आग लगने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए

## मन की बात कार्यक्रम से जनता को मिलता है ज्ञान का भंडार : वीरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को मोती नगर में भाजपा विधायक हरीश खुराना के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122वे एपिसोड सुना। इस मौके पर भाजपा नेताओं के साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री हर बार नई जानकारी और नई चीजें सीखने को मिलती हैं। इसमें सीखने के लिए बहुत कुछ है। इस कार्यक्रम के लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुत शुक्रगुजार है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से समग्र जनता को ज्ञान का भंडार मिलता है। वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में खेलों इंडिया गेम्स के बारे में जानकारी दी। खेलों इंडिया गेम्स के दौरान बिहार के पांच शहरों ने मेजबानी की। वहां अलग-अलग श्रेणी के मैच हुए। पूरे भारत से बिहार पहुंचे खिलाड़ियों की संख्या पांच हजार से भी ज्यादा रही। मन की बात में जानकारी दी गई कि पिछले केवल पांच वर्षों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। इसके साथ-साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी के कलाकार जीवन जोशी की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं आपको एक ऐसे शानदार व्यक्ति के बारे में बताना चाहता हूं जो एक कलाकार भी हैं और जीती-जागती प्रेरणा भी हैं। नाम है -जीवन जोशी, उम्र 65 साल। जीवन उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहते हैं। बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन पोलियो, उनके हौसलों को नहीं छीन पाया। उनके चलने की रफ्तार भले कुछ धीमी हो गई, लेकिन उनका मन कल्पना की हर उड़ान उड़ता रहा। इसी उड़ान में, जीवन जी ने एक अनोखी कला को जन्म दिया - नाम रखा बगेट।

**प्रेरणास्त्रोत**

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री हर बार नई जानकारी और नई चीजें सीखने को मिलती है

## दुबई से जुड़े हैं तार: गेमिंग एप्स पर प्वाइंट हासिल करने के लिए सिम कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साइबर और टेलीकॉम अपराध नेटवर्क का खुलासा किया है। मामले में मध्यप्रदेश के रहने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दुबई के एक एजेंट के संपर्क में थे जो सिम कार्ड को गेमिंग ऐप्स में प्वाइंट एकत्र करने के लिए इस्तेमाल करता था। पुलिस ने आरोपियों को 398 सक्रिय भारतीय सिम कार्ड की अवैध खरीद और विदेश में सिम कार्ड की तस्करी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान उज्जैन के रहने वाले अंकित कुमावत (30) और देवास के रहने वाले अश्विन कुमार (37),मनीष कुमार (35), लोकेन्द्र सेंधव (32) और द्वारका प्रसाद (42) के रूप में की गई है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।
15 फरवरी 2025 को, आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने दुबई जाने वाली इंडिगो उड़ान में यात्रा करने वाले सुनील रावत को संदिग्ध व्यवहार और रैंडम एक्स-रे जांच के आधार पर रोका। जांच में उनके पास 398 सक्रिय भारतीय सिम कार्ड (212 एयरटेल और 186 वोडाफोन आइडिया) मिले, जो विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत थे। जांच के दौरान सुनील रावत ने बताया कि उसके स्कूल के दोस्त फैसल ने उसे सिम कार्डों का पार्सल लाने और नौकरी



का अवसर देने के लिए 35,000 रुपये की पेशकश की थी। फैसल के सहयोगी, अश्विन कुमार और अंकित कुमावत ने उज्जैन से सक्रिय सिम कार्डों की व्यवस्था की और उन्हें कूरियर के माध्यम से गाजियाबाद में सुनील रावत को भेजा। सुनील को इन्हें दुबई में फैसल तक पहुंचाने का निर्देश था, लेकिन वह दिल्ली हवाई अड्डे पर पकड़ा गया।

**एक महीने की फ्री सेवा का झांसा देकर लोगों के नाम पर जारी कराए सिम**

जांच से पता चला कि ये सिम कार्ड उज्जैन और देवास जिलों के विभिन्न व्यक्तियों से धोखाधड़ी के जरिए प्राप्त किए गए थे। दो पंजीकृत मालिकों, पवन भगवान और महेश, ने बताया कि अंकित कुमावत ने उन्हें मुफ्त डेटा और कॉल सेवाओं के प्रचारात्मक ऑफर का झांसा देकर सिम कार्ड अपने नाम पर जारी करने के लिए कहा। कुमावत ने उन्हें एक महीने बाद सिम कार्ड लौटाने और निष्क्रिय करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बजाय उसने उन्हें 500 रुपये प्रति सिम की दर से अश्विन कुमार को बेच दिया।

**दुबई से जुड़े हैं तार, गेमिंग ऐप में सिम का होना था इस्तेमाल**

अश्विन कुमार ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि उसके छोटे भाई मनीष कुमार, जो दुबई में एक टेलीकॉम दुकान में काम करता है, ने उसे फैसल से जोड़ा। फैसल ने प्रत्येक सिम कार्ड के लिए 2,000 रुपये की पेशकश की थी। अश्विन ने अंकित कुमावत की मदद से 398 सिम कार्ड जुटाए और प्रत्येक के लिए 500 रुपये का भुगतान किया। उसने बताया कि फैसल इन सिम कार्डों का उपयोग विभिन्न गेमिंग ऐप्स में अंक अर्जित करने और उन्हें ऊंची कीमत पर बेचने के लिए करता था।

**खुलासा**

दिल्ली पुलिस ने साइबर और टेलीकॉम अपराध नेटवर्क का खुलासा किया है, पांच युवक गिरफ्तार


# हरियाणा में नौ कोरोना मरीज आए सामने

जिलों में जांच और भर्ती इंतजामों को पुख्ता करने का दौर, 3 मरीजों ने मुंबई, दिल्ली और पंजाब से जरूर ट्रैवलिंग की

**संक्रमित**

कोरोना से संक्रमित हुए लोगों में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हैं, जिनमें डॉक्टर, मैनेजर और सॉफ्टवेयर डेवलपर भी हैं






**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में 72 घंटे में कोरोना के 9 मरीज सामने आ चुके हैं। गुरुग्राम, फरीदाबाद, यमुनानगर और करनाल में कोरोना के मरीज मिले हैं। कोरोना से संक्रमित हुए लोगों में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हैं, जिनमें डॉक्टर, मैनेजर और सॉफ्टवेयर डेवलपर भी हैं। इनमें से किसी की भी इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। हालांकि, 3 मरीजों ने मुंबई, दिल्ली और पंजाब से जरूर ट्रैवलिंग की है।

साल 2020-21 में आई कोरोना लहर में हरियाणा में 10 लाख से ज्यादा मरीज मिले थे, जिनमें से 10 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। तब कोरोना नई बीमारी थी, लेकिन अब इसकी वैक्सीन से लेकर वैरिएंट तक सामने आ चुके हैं। हरियाणा के जिन जिलों में केस आए, वहा विभाग अलर्ट नजर आ रहा है। बाकी जिले संदिग्ध मरीजों की टेस्टिंग से लेकर काउंटर खोलने तक के लिए कोरोना के केस और मुख्यालय के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

गुरुग्राम में कोविड के 4 केस आ चुके हैं। यहां कोविड सैंपलिंग के लिए अलग काउंटर सोमवार से शुरू होगा। फिलहाल आर टी पी सी आर टेस्ट किए जा रहे हैं। 6 हजार लीटर प्रति मिनट की क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट हैं, जिन्हें दुरुस्त कर दिया गया है। जिले में एन-95 मास्क, पीपीपी किट व दूसरी कोविड से संबंधित दवाओं का स्टॉक फिलहाल पर्याप्त है। 500 ऑक्सीजन बैड की उपलब्धता है। फरीदाबाद में अब तक 3 केस आ चुके हैं, जिसके बाद बंद पड़े आर टी पी सी आर टेस्ट शुरू कर दिए गए हैं। अस्पताल में अलग से 10 बैड का वार्ड बनाया गया है। शहर में 24 ऑक्सीजन प्लांट है, जिन्हें चालू कर दिया गया है। अस्पताल में बिजली जाने पर अलग से जनरेटर की व्यवस्था की जा रही है। करनाल में कोरोना का एक केस मिला है। यहां के अस्पताल में 22 ऑक्सीजन बैड वाला वार्ड बनाया गया है। वहीं, एन-95 मास्क, पीपीपी किट और कोरोना के इलाज में काम आने वाली दवाइयां मंगवा ली गई हैं। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज सहित करनाल में 2 ऑक्सीजन प्लांट है, सभी व्यवस्था पूरी कर ली है। मेडिकल कॉलेज में अलग से 35 बैड का वार्ड भी बना दिया है। यमुनानगर में एक महिला कोरोना पॉजिटिव आई है, जिसके बाद अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए 5 बैड रिजर्व किए गए हैं। कोविड सैंपलिंग के लिए सिविल अस्पताल में काउंटर चालू है। सिर्फ संदिग्ध के ही टेस्ट किए जाते हैं। आर टी पी सी आर टेस्ट अभी नहीं हो रहे हैं। सिविल अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट चालू है। हिसार सी एम ओ का कहना है कि कोविड सैंपलिंग का काउंटर शुरू नहीं हुआ है। अभी हमें मुख्यालय से ऐसा कोई आदेश नहीं आया है। हिसार में अभी किसी तरह के टेस्ट शुरू नहीं हुए हैं। सोमवार तक इस पर कोई फैसला लिया जाएगा। हिसार में ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह से कार्य की स्थिति में है। यह पूरी तरह से हॉटलाइन से जुड़े हुए हैं। दवाओं की कमी नहीं है।

**कोविड सैंपलिंग के लिए अलग से काउंटर नहीं है: पानीपत सीएमओ**

पानीपत के सीएमओ ने कहा- कोविड सैंपलिंग के लिए अलग से काउंटर नहीं हैं।

## कोविड सैंपलिंग के लिए रोहतक पीजीआई में अलग से काउंटर शुरू नहीं हुए

कोविड सैंपलिंग के लिए रोहतक पीजीआई और सिविल अस्पताल में अलग से काउंटर शुरू नहीं हुए हैं। पीजीआई में इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पीजीआई में तीन ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट फंक्शनल हैं, जिनकी क्षमता 40 हजार लीटर प्रति मिनट है। पीजीआई में अभी 10 बैड रिजर्व किए है, जबकि 2 आईसीयू में बैड है। जरूरत के अनुसार बैड की संख्या बढ़ाई जाएगी। रेवाड़ी में कोविड सैंपलिंग के लिए अलग काउंटर अभी शुरू नहीं हुआ है, आर टी पी सी आर टेस्ट शुरू करने के आदेश आ गए हैं। 2 ऑक्सीजन प्लांट में से एक खराब है। जिसकी सर्विस करवाने की बात कही जा रही है। एन-95 मास्क उपलब्ध हैं। सामान्य व निजी अस्पतालों में करीब 300 ऑक्सीजन बैड की उपलब्धता है। अंबाला में कोविड की सैंपलिंग अभी शुरू नहीं हुई है। इसके लिए अभी कोई काउंटर बनाया नहीं गया है। कोविड की तीसरी लहर के बाद बंद किए आर टी पी सी आर टेस्ट अभी शुरू नहीं किए गए हैं। दोनों सिविल अस्पताल में ऑक्सीजन बैड की संख्या पर्याप्त है, ऑक्सीजन प्लांट सही काम कर रहे हैं। भिवानी में कोविड की सैंपलिंग अभी शुरू नहीं हुई है। न ही कोई काउंटर बनाया गया है। आर टी पी सी आर टेस्ट अभी नहीं हो रहे हैं। जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाया था, जो खराब है।

**फतेहाबाद में काउंटर शुरू नहीं हुए**

**फतेहाबाद** में काउंटर शुरू नहीं हुए हैं। मगर, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिले के अधिकारियों को आर टी पी सी आर टेस्ट के लिए मुख्यालय से आदेश का इंतजार है। जिले में तीन ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट फंक्शनल हैं। इसके अलावा सिविल सर्जन ने मास्क, पीपीपी किट व कोविड से संबंधित दवाओं की स्थिति को लेकर रिपोर्ट मांगी है। महेंद्रगढ़ में सैंपलिंग के लिए अलग से कोई काउंटर शुरू नहीं किए गए हैं।

# ज्योति के मोबाइल और लैपटॉप से डिलीट डाटा रिकवर हुआ

**सफाई**

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन कह चुके हैं कि ज्योति के आतंकवादियों के सीधे संपर्क नहीं मिले हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के मोबाइल और लैपटॉप का डिलीट किया डेटा रिकवर हो गया है। इसमें वीडियो और चैटिंग शामिल है। फोरेंसिक लैब से यह डेटा पुलिस को भेज दिया गया है।...

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस डेटा से पुलिस को कुछ संदिग्ध चीजें मिली हैं, जिसके आधार पर जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है। ज्योति का 4 दिन का रिमांड, सोमवार को खत्म हो रहा है। पुलिस इसी डेटा के आधार पर कोर्ट से रिमांड बढ़ाने की मांग करेगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अभी और डेटा मिलना बाकी है।अभी तक 3 राज्यों की पुलिस ज्योति से पूछताछ कर चुकी है। जबकि 12 राज्यों की पुलिस भी हिसार पुलिस से संपर्क कर पूछताछ की बात कह रही है। ज्योति ने इन सभी जगहों पर वीडियो शूट किए थे।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों को शक है कि ज्योति ने अपने मोबाइल से जो डेटा डिलीट किया, उसमें 2 तरह की चीजें हो सकती हैं। पहली चीज आई एस आई के एजेंट्स से चैटिंग है। इससे पहले ज्योति के आई एस आई एजेंट अली हसन से चैटिंग का कुछ हिस्सा सामने आ चुका है। दूसरा शक ये है कि उसने ट्रैवलिंग के दौरान ऐसे वीडियो शूट किए, जो सिर्फ आई एस आई एजेंट्स को देने के लिए थे। उन्हें भेजने के बाद ज्योति ने उन्हें डिलीट कर दिया। हिसार के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन कह चुके हैं कि ज्योति के आतंकवादियों के सीधे संपर्क नहीं मिले हैं।

## मुख्य सूचना आयुक्त सहित 5 सूचना आयुक्तों का शपथ समारोह 26 मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार सायं 5 बजे हरियाणा राजभवन, चंडीगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त सहित 5 सूचना आयुक्तों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य व वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# राव नरबीर सिंह ने युवा शक्ति को किया प्रेरित




**सशक्त नागरिक**

हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है संविधान: राव नरबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हमारा संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और भाईचारे के आदर्शों की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना न केवल नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी देती है, बल्कि उन्हें सशक्त नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपनी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित भी करती है। राव नरबीर सिंह आज गुरुग्राम में आर्टेमिस अस्पताल में राजनीति की पाठशाला संस्था द्वारा आयोजित हमारा संविधान हमारा अभिमान कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी,1950 को इसे लागू किया गया। भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। पिछले सात दशकों में, इसने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है - जो भारत के शासन के मूल सिद्धांत हैं। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम एक तेजी से विकसित होता शहर है, और ऐसे में विकास के साथ उत्पन्न हो रही समस्याओं का समय पर समाधान भी अत्यंत आवश्यक है।

# थाना प्रभारी के खिलाफ दिल्ली में एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-50 स्थित पुलिस थाना में घुसकर एक महिला पुलिसकर्मी के साथ बदतमीजी करने की आरोपी महिला वकील द्वारा थाना प्रभारी के खिलाफ दिल्ली में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई गई है। दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज करके गुरुग्राम पुलिस को मामले की जांच के लिए कहा है। गुरुग्राम पुलिस की ओर से रविवार को एसीपी महिला विरुद्ध अपराध सुरेंद्र कौर के नेतृत्व में एसआईटी गठित की है।

गुरुग्राम पुलिस के अनुसार 21 मई को पुलिस थाना सेक्टर-50 की पुलिस टीम को महिला मुख्य सिपाही सोनू ने एक लिखित शिकायत दी थी। जिसमें कहा गया कि उस दिन शाम के सवा छह बजे मुख्य सिपाही अनूप ने एक महिला व उसके पति को उसके हवाले किया। मुख्य सिपाही सोनू ने बताया कि महिला थाना सेक्टर-51 से एक सूचना मिली थी कि इस महिला ने अपने पति व सास ससुर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उस केस के संबंध में इस महिला, इसके पति, इसके सास व ससुर को महिला थाना सेक्टर-51 में बुलाया गया था। महिला थाना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को पुलिस कार्यवाही के बाद हिदायत दी गई थी। इसी दौरान महिला थाना सेक्टर-51 में ही महिला अंजलि व उसके पति का झगड़ा हो गया। झगड़े की सूचना प्रबन्धक थाना महिला सेक्टर-51 द्वारा प्रबन्धक थाना सेक्टर-50 को दी गई। सूचना पर अंजलि व उसके पति को थाना सेक्टर-50 में लाया गया।

# विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा संगठन: राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय



**समावेशी**

राज्यपाल ने मूल्य आधारित और समावेशी शिक्षा पर दिया बल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज पानीपत के समालखा में आयोजित विद्या भारती के प्रांतीय आचार्य सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। बतौर मुख्यातिथि उन्होंने मूल्य आधारित और समावेशी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया, जो उद्योग की उभरती जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप हो। दत्तात्रेय ने शिक्षकों, अकादमिक नेताओं और विद्वानों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रटने और अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यह छात्रों में नैतिक मूल्य, आलोचनात्मक सोच और नवाचार की भावना विकसित करे। उन्होंने समावेशी, सुलभ और सामाजिक-आर्थिक विविधता के अनुकूल शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और वैश्विक कार्यबल की मांगों के अनुरूप कौशल से लैस करना होगा। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों का करुणा और ज्ञान के साथ मार्गदर्शन करने का आह्वान किया। त्तात्रेय ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा सरकार अनेक पहल कर रही है। उन्होंने स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार, डिजिटल लर्निंग टूल्स के एकीकरण, मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

राज्यपाल ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा संगठन है, जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों का बीज बो रहा है। संस्थान द्वारा संचालित

# 'खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध'

**खेल नीति**

खेल मंत्री गौरव गौतम ने पलवल में किया तीन दिवसीय कुश्ती महाकुंभ का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में पदक जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, जिसके पीछे खिलाड़ियों की मेहनत के साथ-साथ हरियाणा सरकार द्वारा बनाई गई खेल नीति भी काम कर रही है। सरकार खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को स्कूल स्तर से ही निखारने का काम कर रही है, जिसके चलते आज हरियाणा खेलों का पावर हाउस बन चुका है। बतौर मुख्यातिथि खेल मंत्री गौरव गौतम आज चंडीगढ़ यूटी कुश्ती एसोसिएशन व भारतीय कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में पलवल स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में 25 मई से 27 मई तक आयोजित की जा रही अंडर-17 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इस राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में देश के 600 पहलवान शिरकत कर रहे हैं, जिनमें 450 लडके और 150 लड़कियां शामिल हैं। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि देशां में देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना कहावत को प्रदेश के खिलाड़ी चरितार्थ कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल प्रतियोगिता की बात हो या फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक, कॉमनवेल्थ या एशियन गेम्स की बात हो, इन सभी खेलों में भारत देश को सर्वाधिक मेडल दिलाने में देश के करीब दो फीसदी आबादी वाले हरियाणा राज्य का अहम योगदान रहता है। इस मौके पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने भारतीय कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष एवं ओलंपियन भारत केसरी जयप्रकाश को गदा भेंट कर व श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता फरीदाबाद निवासी माही सिवाच और रजत पदक विजेता पायल जाखड़ व बॉक्सिंग कोच डॉ. राजीव गोदारा को शॉल भेंट कर पुरस्कृत किया। इससे पहले खेल मंत्री गौरव गौतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को दर्शकों के साथ सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जनहित के मुद्दों को लेकर अपने विचारों को आमजन के साथ साझा करते हैं।

## केंद्र व प्रदेश सरकार जनसेवा को समर्पित होकर बढ़ रही है आगे: कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश सरकार विजन-2047 के लक्ष्य को सामने रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। प्रदेश विकास कार्यों में तेजी से अग्रणी बन रहा है। कृषि मंत्री आज रेवाड़ी के बावल विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार के साथ गांव टींट में लोगों की जन समस्याओं को सुन रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रदेश के सभी वर्ग खुश हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों का फायदा आम आदमी तक सीधा पहुंच रहा है।

# नरवाना वासियों को जलभराव एवं पानी निकासी जैसी समस्याओं से जल्द मिलेगी निजात

**सुविधा**

धनौरी ड्रेन तक 27 किलोमीटर तक पाईप लाईन का कार्य शुरू, जुलाई माह तक हो पूरा चमेला कॉलोनी सीवरेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र नरवाना के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम आदमी को हर सुविधा देना हमारा लक्ष्य है। पीने के पानी की समस्या हो या बिजली, मैडिकल, स्वच्छता और शिक्षा जैसी सभी क्षेत्रवासियों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। कृष्ण कुमार बेदी आज नरवाना विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नरवाना क्षेत्र की विभिन्न परियजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें 42 लाख रुपये की लागत से हरिनगर में पुली से जयराम अस्पताल तथा एक करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से बड़सरती, इंदिरा कॉलोनी और शास्त्री नगर में बनने वाली विभिन्न गलियों का शिलान्यास भी किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र नरवाना के लिए अभी बड़े प्रोजैक्ट पाईप लाईन में है। उन्होंने कहा कि धनौरी ड्रेन तक 27 किलोमीटर की सीवरेज पाईप लाईन का कार्य भी आगामी 15 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से नरवाना में ओवरफ्लो की समस्या नहीं रहेगी। चमेला कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का 11 करोड़ रुपये के टेंडर के लगने से लाईन पार का पूरा क्षेत्र कवर हो जाएगा, जिससे ओवरफ्लो की समस्या से निजात मिलेगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना में ही मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना।

# विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए है बड़ी उपलब्धि: मनोहर लाल

**ऐतिहासिक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम जनभागीदारी का है सशक्त मंच: मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास कार्य मंत्री मनोहर लाल ने करनाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को साथियों के साथ सुना। ऑपरेशन सिन्दूर से लेकर नवाचार, संस्कृति, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत तक, प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को सुना और उनसे प्रेरणा ली। कार्यक्रम सुनने के बाद मनोहर लाल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम न केवल सरकार की प्राथमिकताओं को समझने का माध्यम है, बल्कि यह जनभागीदारी का भी सशक्त मंच है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 122वें एपिसोड के माध्यम से देश को संबोधित किया। हर बार की तरह पीएम मोदी ने अद्भुत और प्रेरणास्पद वाकये सुनाए। एक सवाल के जवाब में मनोहर लाल ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है।

भारत 10 साल पहले आठवीं या नौवीं अर्थव्यवस्था मानी जाती थी, वो आज विकास करते-करते दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, अभी जापान को पीछे छोड़ा है, लेकिन वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2047 तक दूसरे या पहले स्थान पर भी पहुंच सकता है।

# कर्मचारियों की नियुक्ति में सीडीएलयू के वीसी कर रहे बड़ी गड़बड़



**उठाया मुद्दा**

पहलगाम हमले पर विवादित बयान देने वाले सांसद रामचंद्र जांगड़ा को हटाए भाजपः दिग्विजय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नियुक्तियों में हो रही गड़बड़ के मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। पत्रकारों से रूबरू होते हुए दिग्विजय ने कहा कि सीडीएलयू का कार्यभार संभाल रहे वाइस चांसलर प्रो. नरसीराम बिश्नोई यूनिवर्सिटी में अपनी मनमर्जी के तहत पुराने कर्मचारियों को हटाकर अपने करीबियों को एडजस्ट करने में लगे हुए, जो कि सरासर गलत है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि सीडीएलयू में हॉस्टल वार्डन के तौर पर कार्य करने वाली दो महिला कर्मचारियों को बिना किसी वजह के हटा दिया गया, जबकि सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन के मुताबिक किसी स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने तक उन्हें नहीं हटाया जा सकता। दिग्विजय ने कहा कि सीडीएलयू की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला द्वारा युवाओं को शिक्षा क्षेत्र में सही दिशा तय करने के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन मौजूदा वाइस चांसलर अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रहे है और वे इसके खिलाफ बहुत ही जल्द हरियाणा के महामहिम राज्यपाल मिलकर यहां कार्यभार संभाल रहे वाइस चांसलर को तत्काल उनके पद से हटाने की मांग करेंगे। साथ ही उनके गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर पद से भी हटाने की मांग भी करेंगे। सीडीएलयू से संबंधित एक और गंभीर मुद्दे पर दिग्विजय चौटाला ने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने यहां के स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल का नाम पंजाब के पूर्व सीएम स्व. प्रकाश सिंह बादल के नाम पर घोषित किया था, मगर मौजूदा वाइस चांसलर ने यह नाम वीर सावरकर के नाम पर कर दिया। दिग्विजय ने कहा कि उन्हें वीर सावरकर के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस क्षेत्र में किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले प्रकाश सिंह बादल के योगदान को किसी भी प्रकार से कम नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन वीर सावरकर का नाम सीडीएलयू में किसी अन्य भवन का कर दें, लेकिन पहले से ही घोषित स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल का नाम सरदार प्रकाश सिंह बादल के नाम पर ही रहना चाहिए। दिग्विजय ने कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री हरियाणा को विशेष तौर पर दखल देना चाहिए और यदि इस दिशा में सरकार उदासीन रहती है तो जेजेपी सड़क पर उतरकर सरकार को यह करने पर विवश करेगी। पत्रकारों के एक अन्य सवाल पर जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि एक ओर पूरा देश पहलगाम में 26 सुहागिनों के सुहाग उजड़ने पर निराश है।

# भारत बना दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था, देश के लिए बड़ी उपलब्धि : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सभी साथियों के साथ सुना। ऑपिरेशन सिन्दूर से लेकर नवाचार, संस्कृति, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत तक, प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को सुना और उनसे प्रेरणा ली। मन की बात न केवल सरकार की प्राथमिकताओं को समझने का माध्यम है, बल्कि यह जनभागीदारी का भी सशक्त मंच भी है।

इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने पुष्प गुच्छ देकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने इससे पूर्व भाजपा कोर ग्रुप की बैठक ली और संगठन की मजबूती तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत, तिरंगा यात्रा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 122वें एपिसोड के माध्यम से देश को संबोधित किया। हर बार की तरह पीएम मोदी ने अद्भुत और प्रेरणास्पद वाकये सुनाए। एक सवाल के जवाब में मनोहर लाल ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। भारत 10 साल पहले आठवी या नौंवी अर्थव्यवस्था मानी जाती थी, वो आज विकास करते.करते दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, अभी जापान को पीछे छोड़ा है, लेकिन 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2047 तक दूसरे या पहले स्थान पर भी पहुंच सकता है।

उन्होंने कहा कि 2047 में देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर न सिर्फ भारत देश एक विकसित देश बने बल्कि हर प्रांत विकसित हो, आदर्श प्रांत के रूप में आत्मनिर्भर भारत के साथ आत्मनिर्भर प्रदेश और फिर साथ में जिला और गांव इस प्रकार से आत्मनिर्भर बने। इस उद्देश्य से एक-एक गांव तक पहुंचने और जनता को हर योजना का लाभ देने के लिए विकास के कार्य केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे हैं।

**मन की बात**

**कर्ण कमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सभी साथियों के साथ सुना**

कोरोना के बढ़ते केसों के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक चिंता का विषय है। जिस प्रकार से अभी तक हरियाणा में कोरोना के आठ नए केस सामने आए हैं, इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग व केंद्र सरकार सतर्क है। इसकी रोकथाम के लिए सावधानियां बरतनी चाहिए और इसके प्रसार को रोकने के लिए सभी तैयारियां की गई हैं और इसके अलावा भी और कोई जो उपाय किए जाने होंगे वो किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन 11 मई को होना था, लेकिन पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना और भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते यह समापन समारोह स्थगित कर दिया गया था। अब स्थितियां सामान्य होने पर इस सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन आज स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें कबड्डी व खो-खो की श्रेष्ठ टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने गांव सालवन में 29 मई को राज्य स्तरीय महाराणा जयंती के आयोजन पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय.समय पर होते रहने चाहिए ताकि इससे युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा मिले और इस दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष विचार प्रचार-प्रसार योजना के तहत सभी महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाई जा रही है। इस मौके पर हरियाणा के विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा

# मेवात में आंधी तूफान ने मचाई तबाही, बिजली व्यवस्था चरमराई, लाखों का हुआ नुकसान

**आंधी - तूफान**

**इसकी वजह से जगह - जगह पर बिजली पोल व लाइनें क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पेड़ - पौधे गिर गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** मेवात में देर रात आए आंधी - तूफान ने जमकर तबाही मचाई। इसकी वजह से जगह - जगह पर बिजली पोल व लाइनें क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पेड़ - पौधे गिर गए । जिससे शहर से देहात तक बिजली व्यवस्था चरमरा गई और जिले में अधिकांश स्थानों पर रात भर ब्लैक आउट रहा । अभी तक भी सैकडों गांवों की बिजली गुल है।

बिजली विभाग की तरफ से रात में मरम्मत कार्य चलने के बाद भी सफलता नहीं मिल सकी। किसी तरह अभी तक कुछ इलाकों में आपूर्ति सुचारू हो सकी है । जबकि अन्य इलाकों में शाम तक



बिजली आने का इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल, मौसम का मिजाज बदलते ही देर रात आंधी तूफान आया। जिले भर में विभिन्न स्थानों पर पेड़ टूटकर गिरने से बिजली लाइन व पोल क्षतिग्रस्त हो गए। इसका असर एचटी, एलटी लाइनों के साथ गली मोहल्लों की लाइनों पर भी पड़ा। इससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। एहतियात के तौर पर बिजली घरों के फीडर बंद करने पड़ गए। एक साथ बड़े स्तर पर बिजली ठप होने पर ऊर्जा निगम के अफसरों में खलबली मच गई। आला अफसर रात को ही मैदान में उतर आए। कर्मचारी पेट्रोलिंग करने के लिए दौड़ पड़े। जगह - जगह गिरे पेड़ों को हटवाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया गया। लाइन व पोल को सही कराने की मशक्कत में कर्मचारी जुटे हुए हैं । क्षतिग्रस्त लाइनों को सही कराने के साथ अन्य पेड़ों की टहनियों को छंटवाया जा रहा है ताकि आगे की लाइनों को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके और जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुचारू की जा सके । बता दें की जिले के मोहमदपुर गांव में आधी तूफान के चलते बिजली का ट्रांसफर गिर गया, जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई । ट्रांसफर को ठीक करने में बिजली विभाग के कर्मचारी लगे हुए हैं ।

# प्रत्येक सोमवार व बृहस्पतिवार को होंगे समाधान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के तहत अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार व प्रत्येक बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर उपायुक्त कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे।



डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रहा है। डीसी ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित की गई है जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर भी प्रत्येक हफ्ते समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होता है उनका ऑन द स्पॉट ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की जाती है व जो समस्याएं पॉलिसी निर्माण से संबंधित हैं उन्हें मुख्यालय में भेजा जाता है ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

# मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बीती शाम जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्टॉफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नूर महल चोक सेक्टर-32 में नाकाबंदी करके दो आरोपियों गोरव उर्फ.सब्जी पुत्र सुल्तान निवासी गांव भागपती करनाल और साहिल उर्फ मुल्ला पुत्र वकील निवासी वसंत विहार, करनाल को गिरफ्तार किया। आरोपियो के कब्जे से एक मोटरसाइकल व स्कूटी बरामद की गई।एंटी ऑटो थेफ्ट टीम के इंचार्ज ने बताया कि गहनता से पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपियों द्वारा 17 मई को सिविल अस्पताल करनाल से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी व आपसी विवाद के कई मामले दर्ज हैं। आज दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# नूंह पुलिस ने दिल्ली के गांजा तस्कर को दबोचा , 19 किलो गांजा बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली) :** नूंह अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को करीब 19.15 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी थाना रोजकामेव क्षेत्र के आईएमटी सोहना रोड स्थित कंवरसीका के पास की गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नूंह सीआईए की टीम को सूचना मिली कि दिल्ली निवासी आकाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक प्लास्टिक कट्टे में मादक पदार्थ गांजा लेकर दिल्ली अलवर रोड के माध्यम से जिले में प्रवेश करेगा। काबू किया जा सकता है। इस सूचना के आधार पर उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गठित टीम मौके पर पहुंची और नाकेबंदी की। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को रोका। नियम



अनुसार तलाशी लेने पर प्लास्टिक के एक कंटेनर में 19.15 किलो गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान आकाश पुत्र सुरेंद्र निवासी जोगी नंबर 520, सुभाष कैंप, एनसीपीटी मथुरा रोड, बदरपुर दिल्ली के रूप में हुई है। थाना रोजका मेव पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आकाश ने स्वीकार किया है कि वह यह गांजा दिल्ली से लेकर आया था और इसे आगे सप्लाई करने की योजना थी।

## संक्षिप्त खबरें

### नूंह पुलिस ने पकड़े 10 साइबर ठग , भारी मात्रा में मोबाइल फर्जी सिम व डेबिट कार्ड बरामद



**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** सोशल मीडिया पर पहचान छुपाकर सस्ते सुट बेचने, होटल बुकिंग, नटराज पैंसिल के नाम पर जॉब देने, गाय-भैस बेचने के नाम पर, नकली क्रैडिट का मैसिज भेजकर एवं सस्ते टायर इत्यादि का विज्ञापन डाल झांसा देकर आमजन से करते थे ठगी ।

नूंह पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने इन ठगों के खिलाफ 08 अलग-अलग मुकदमें दर्ज किए हैं । इनके पास से 15 मोबाइल फोन, 19 फर्जी सिम कार्ड के अतिरिक्त 01 डेबिट कार्ड बरामद किया है ।

जानकारी के अनुसार ये आरोपी सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन डालकर लोगों को झांसा देते थे और उनसे ठगी करते थे । नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार के निर्देश पर शनिवार को विशेष अभियान के तहत नूंह पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा इन पर कार्रवाई की गई । इन सभी को क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के ठिकानों से दबोचा गया । मुख्य रूप से सभी आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से सोशल मीडिया पर पहचान छुपाकर सस्ते सुट बेचने, होटल बुकिंग, नटराज पैंसिल के नाम पर जॉब देने, गाय-भैस बेचने के नाम पर, नकली क्रैडिट का मैसिज भेजकर एवं सस्ते टायर इत्यादि का विज्ञापन डाल झांसा देकर आमजन से ऑनलाइन पैसे लेकर धोखाधड़ी कर साइबर ठगी करते थे । इसके अलावा असल पहचान छुपाकर फर्जी सिम व मोबाईल के प्रयोग से फर्जी खातों में पैसे डलवाकर भी लोगों से ठगी करते थे । आरोपियों की पहचान जुनैद पुत्र मोजिद निवासी नई, तौफीक पुत्र रसीद निवासी बूबलहेड़ी, आसिफ पुत्र खान निवासी गुलपाड़ा राजस्थान, फजन पुत्र शाहरुख निवासी दिहाना, शाहिद हुसैन पुत्र रत्ती निवासी जैतलाका, रोबिन पुत्र फैज निवासी लुहिंगाकला, साजिद उर्फ मुरली पुत्र इस्लाम निवासी नई, मुस्तकीम पुत्र अययूब निवासी गंगवानी, मुस्ताक पुत्र कमरुद्दीन निवासी जुरेहरा राजस्थान एवं मजलिस पुत्र वजीर खान निवासी बूबलहेड़ी पिनगवां के रुप में हुई । नूंह पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध 08 अलग-अलग मामलें दर्ज करके इनके कब्जा से 15 मोबाइल फोन, 19 सिम कार्ड के अतिरिक्त 01 डेबिट कार्ड बरामद किया हैं। प्रारंभिक जांच में इन सभी के विरुद्ध केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में 17 शिकायतें मिली हैं ।

नूंह पुलिस की ओर से आम जनता को सतर्क रहने और इस तरह के झांसे में न आने एवं साईबर ठगी होने पर तुरंत साईबर हैल्पलाईन नम्बर 1930 पर कॉल करने बारे सलाह दी गई है ।

### श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 26 मई को भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज एवं शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज आदि साधु-साध्वी वृन्द की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 5.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक खुला रहेगा। प्रात:कालीन आरती सुबह 7.30 बजे होगी तथा सायंकालीन सांय 6.30 बजे होगी। विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग पर सत्संग, भजन-कीर्तन का भक्तिमय कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे से 10.30 बजे तक रहेगा।

# अब गांवों में भी मिलनी शुरू हो रही है शहर जैसी सुविधाएं: कबीरपंथी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने अपने धन्यवादी दौरे के क्रम में फतेहगढ़ गांव का दौरा किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक कबीरपंथी ने इस अवसर पर ग्रामीणों का स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं और गांवों को शहरों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यानि अब गांवों में भी शहर जैसी सुविधा मिलनी शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। वर्तमान सरकार जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को बिना खर्ची.बिना पर्ची मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरी मिल रही है।

# नूंह में दो अलग-अलग मीट फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों की मौत

**दुर्घटना**

**नूंह जिले में पहली दुर्घटना देर रात मांडीखेड़ा गांव में हुई । जबकि दूसरी सटकपुरी मीट फैक्ट्री में हुई।**

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह जिले में संचालित मीट फैक्ट्री में अलग - अलग जगह दो लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। पहली दुर्घटना देर रात मांडीखेड़ा गांव में हुई । जबकि दूसरी सटकपुरी मीट फैक्ट्री में हुई। बता दें कि जब बरेली का रहने वाला मुस्तकीम नाम का मजदूर मांडीखेड़ा मीट फैक्ट्री में काम करने के लिए जा रहा था, तभी तेज आंधी तूफान के कारण रोड के सहारे बने कुएं में गिर गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कुएं से डेड बॉडी को निकाल कर



पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया हॉस्पिटल पहुंचाया । दूसरी दुर्घटना जिले के गांव मोहम्मदपुर (सटकपुरी) के पास बनी फेयर एक्सपोर्ट मीट फैक्ट्री में हुआ। जहां पर 56 वर्षीय सरल मियां नाम के युवक की मौत हो गई जो बिहार का रहने वाला था। मौत का कारण बेहोश होकर गिरकर होना बताया जा रहा है, जिसको भी पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया हॉस्पिटल मांडीखेड़ा की मोर्चरी में रखवा दिया है और दोनों डेड बॉडी की पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है । बता दें कि घटना के बारे में जब मीडिया ने मीट फैक्ट्री के उच्च कर्मचारियों से बात करने की कोशिश की तो कर्मचारी मीडिया के कैमरे से बचकर भागते हुए नजर आए और कुछ भी बताने से साफ इनकार कर दिया ।बता दें की मेवात जिले में संचालित मीट फैक्ट्रीयों में आए दिन मौत होने का मामला सामने आ रहा है। कभी आत्महत्या तो कभी किसी और तरह से मौत हो जाती है। जिस मामले को मीट फैक्ट्री के कर्मचारियों द्वारा यूं ही दबा दिया जाता है और उसका खुलासा नहीं किया जाता। बता दें मेवात के लोगों में इसको लेकर भी भारी रोष व्याप्त है कि मेवात जिले में संचालित मीट फैक्ट्रीयों में हो रही आए दिन मौतों का कारण क्या है। इसकी जांच गहनता से किसी निष्पक्ष एजेंसी से होनी चाहिए । इस घटना को लेकर इमरजेंसी इंचार्ज डॉक्टर विकास कुमार ने बताया कि हमारे पास दो डेड बॉडी रखी हुई हैं ।पुलिस कागजात पूरा होने पर दोनों डेड बॉडी का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। वही इस मामले को लेकर जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर दयाचंद ने कहा कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां पर एक 56 वर्षीय व्यक्ति की हृदय गति रुकने से मौत होना पाया गया। इसके बाद डेड बॉडी का पोस्टमार्टम प्रक्रिया कराई जा रही है । पोस्टमार्टम कराकर जल्द ही डेड बॉडी को परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा और जो भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# गोल्डन पार्क में नया ट्यूबवेल चालू, वार्ड पार्षद ने विज का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी के गोल्डन पार्क क्षेत्र में नया ट्यूबवेल पूरी तरह से चालू हो गया है जिससे कई कालोनियों के निवासियों को राहत मिली है। गोल्डन पार्क क्षेत्र वार्ड नंबर दस के पार्षद रमन छतवाल व बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका धन्यवाद जताया। पार्षद रमन छतवाल ने कहा कि मंत्री अनिल विज की बदौलत बहुत ही कम समय में खराब ट्यूबवेल के स्थान पर नया ट्यूबवेल लगाते हुए उसे



आप्रेशनल किया गया है।

पार्षद ने बताया कि कुछ दिनों पहले गोल्डन पार्क का ट्यूबवेल फेल हो गया था जिस वजह से गोल्डन पार्क के अलावा मतिदास नगर, अशोक नगर, दयालबाग, शिवप्रताप नगर व अन्य कालोनियों में पेयजल संकट हो गया था।

हालांकि नहरी पानी की सप्लाई की जा रही थी। उन्होंने बताया मामले की जानकारी कैबिनेट मंत्री अनिल विज को दी गई जिसके बाद उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

पार्षद रमन छतवाल ने बताया कि विभाग द्वारा बेहद कम समय में अब गोल्डन पार्क में नया ट्यूबवेल लगा दिया गया है जिससे कालोनी में पेयजल आपूर्ति चालू हो गई है।

# मुलाना में अवैध कॉलोनी हुई पर प्रशासन की कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: जिला नगर योजनाकार अम्बाला** के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया बराड़ा में पड? वाले गांव मुलाना, सब तहसील मुलाना व जिला अम्बाला में लगभग 0.4 एकड़ भूमि (खसरा नं0 75//21 एमआईएन) में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक अवैध कालोनी में तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। इस कार्यवाही के दौरान अवैध कालोनी में बनी कच्ची सडक तथा 20 दुकानों की नीवों को मौका पर पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार कम डयूटी मैजिस्ट्रेट रोहित चैहान, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। जिला नगर



योजनाकार ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक/प्रोपट्री डीलर में कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। अतः सभी को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में ना आएं तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी अवैध कालोनियों/अवैध निमार्णों के खिलाफ आगे भी विभागीय कार्यवाही जारी रहेगी।

# मन की बात हमें जीवन में मजबूती देता है: बाबर खान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। अंबाला के बराड़ा में लोगो में कार्यक्रम के प्रति भारी उत्साह था। इसी प्रकार बराड़ा बूथ नंबर 212 ,213 ,214 ,215 पर मोदी की मन की बात सुनते हुए शक्ति केंद्र प्रमुख पवन गुप्ता , सुशील सिंगला , वरुण सिंगला , बाबर खान , मौजूद थे ।

बाबर खान ने बताया कि प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है आज उन्होंने



ऑपरेशन सिंदूर, व्यायाम , मधुमक्खी पालन ,स्वच्छता अभियान आदि पर कहा ।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री हमारा मार्गदर्शन करने के साथ साथ हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते है । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री हर मुद्दे पर काम करते है जैसे ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बारे में उन्होंने आज लोगो को बताया है कितनी वीरता के साथ सैनिकों ने इस युद्ध को लड़ा है वही नक्सलाइट मोमेंट के बारे में बात की गई, पर्यावरण रक्षा के लिए जो संख्या बढ़ती जा रही है उसके बारे में जिक्र किया गया।

## संपादकीय

# अहिल्याबाई की न्याय व्यवस्था से लेनी चाहिए सीख

**लोकमाता** देवी अहिल्याबाई होलकर का मतलब कठिन संघर्ष, धैर्यशीलता, संयम, धर्मपरायणता, वीरता , बुद्धिमत्ता, प्रशासन, कुशलता ,ओजस्विता, प्रजा वत्सलता, न्याय प्रियता, कुशल नेतृत्व की अद्भुत क्षमता से परिपूर्ण। साथ ही दानशीलता, त्याग, तपस्या, अत्यंत सहजता सरलता के साथ सिद्धांतों के लिए अत्यंत कठोरता और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण। इन सब गुणों को मूर्तमान किया जाय तो वह थीं होलकर साम्राज्य की बहू जिन्हे आदर के साथ भारतीय जनमानस लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर। उन्होंने जहां शासन करते समय किसी के सामने घुटने नहीं टेके, वहीं मुगलों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए देश भर के सभी धार्मिर्क स्थलों का पुनर्निमाण कराकर भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षा की। आज जब सार्वजनिक जीवन, प्रशासन, न्याय व्यवस्था से लेकर धर्म भी व्यापार बनता जा रहा है तो राष्ट्र हित लोकहित व जनहित में यह नितांत आवश्यक है कि राजनेता व प्रसशानिक अफसरों समेत सभी को लोकमता देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से कुछ सीख लेनी चाहिए। 31मई को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर के धरती पर अवतरण हुए 300 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वर्तमान में महाराष्ट्र के औरंगाबाद के निकट बीड़ तहसील के चौड़ी गांव के माणकोजी की धर्मपत्नी सुशीलबाई ने 31 मई 1725 को जिस सुकन्या को जन्म दिया, उसके पूज्यनीय वंदनीय धर्मपरायण प्रजावत्सल अत्यंत तेजस्वी ओजस्वी प्रेरक व्यक्तित्व को जनमानस देवी माँ अहिल्याबाई के रूप में भारतीय मनीषा के स्मृति पटल पर देदीप्यमान है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई इतिहास के पन्नो को अमिट स्वर्णाक्षर तो हैं ही साथ ही भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए भारत की सनातन संस्कृति और यहां की धर्म परायण जनता जनार्दन सदैव ऋणी रहेगी । धर्मपरायण माता पिता के संस्कार महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन का आधार बना। उनको लोकमाता देवी अहिल्याबाई का नाम भारत की धर्मपरायण जनता के मन में उनके कृतित्व व व्यक्तित्व के सम्मान और उनके प्रति असीम श्रद्धा व प्रेम की भाव अभिव्यक्ति है। समूचे भारतीय इतिहास में पौराणिक कथाओं में वर्णित महापुरुषों से लेकर वर्तमान के कालखंड तक उन्हें ही पूज्यनीय, वंदनीय व प्रेरक माना जाता है, जिन्होंने लोककल्याण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारतीय संस्कृति व राष्ट्र ने उन्ही का यशोगान किया, जिसने देश समाज व लोकहित में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया । लोकमाता देवी महारानी अहिल्या बाई होलकर का पूरा जीवन संघर्ष और त्याग का दस्तावेज है। सन 1733 में मल्हार राव होलकर के बेटे खंडेकर राव होलकर के साथ शादी होने के बाद से ही उन्हें अनेक विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। वह अपने पति खंडेराव होलकर के साथ कुछ समय ही वैवाहिक जीवन जी पाई थीं। तभी सन 1754 में भरतपुर के डींग में हुए युद्ध के दौरान खंडेराव होलकर वीरगति को प्राप्त हो गए। इससे अहिल्याबाई काफी हिल गईं।उन्होंने उस समय की प्रथा के मुताबिक पति की चिता पर सती होन का फैसला कर लिया था। लेकिन श्वसुर महाराजा मल्हार राव होलकर के काफी समझाने के कारण सती होने के निर्णय को त्याग दिया। सन 1761 में पानीपत के युद्ध में मराठों की हार और मई 1766 को आलमपुर में श्वसुर की मृत्यु के बाद होलकर साम्राज्य को सम्हालने के लिए पुत्र मालेराव का 23 अगस्त 1766 में राजतिलक किया गया।

# बुकर की रोशनी में नहाया 'हॉर्ट लैंम्प'

**प्रभुनाथ शुक्ल**

> "बुकर पुरस्कार की स्थापना 1969 में इंग्लैंड की मैकोनल कम्पनी ने की थीं। इस पुरस्कार का पूरा नाम मैन बुकर प्राइज फॉर फिक्शन है। इसमें लेखक और अनुवादक को निर्धारित 50 हजार पाउंड की राशि में आधा-आधा हिस्सा मिलता है। इस पुरस्कार का उदेश्य अच्छे साहित्य का विकास है। जिसकी अवधारणा है कि कोई भी अच्छा साहित्य की कोई सीमा नहीं होती, बस उसके लिए मंच और माध्यम आवश्यक है। इसमें न लेखक की भाषा मायने रखती है न लेखक की जाति और धर्म। बस ! आप भी लिखते हैं तो कुछ अच्छा लिखिए, भले छोटा लिखिए या कम लिखिए"

**साहित्य** सिर्फ कोरी कल्पना या फंतासी नहीं। साहित्य जीवन का यथार्थ है और हर स्वांस में रचा बसा है। कन्नड़ लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता बानू मुश्ताक की अंग्रेजी में अनुदित कृति हॉर्ट लैंम्प को बुकर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह भारत की भाषायी साहित्य के लिए यह बेहद गर्व और गौरव का विषय है। इससे यह साबित होता है कि लेखन किसी धर्म, भाषा, जाति और सीमा में बधा नहीं है। आम तौर पर सर्वहारा वर्ग की पीड़ा एक जैसी होती हैं, उनकी जाति या धर्म कुछ भी हो। यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं के लिए एक संजीवनी है। बुकर पुरस्कार भाषा के नाम पर लड़ने वाले एक सभ्य समाज के लिए साफ संदेश है। अगर भाषा का विभेद होता तो दीपा भस्थी की तरफ से कन्नड़ से अनुदित बानू मुश्ताक की सिर्फ बारह लघुकथाओं के संकलन हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया जाता। भाषा और साहित्य सीमा से बहुत दूर है। अब तक यह अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार छह भारतीय लेखकों को मिल चुका है। इसके लिए बानू मुश्ताक के साथ दीपा भी बधाई की पात्र हैं। क्योंकि यह उनकी पहली अनुदित कृति है जिसे यह सम्मान मिला है।

बानू मुश्ताक दक्षिण भारतीय लेखिका हैं। बानू मूलरुप से कन्नड़ भाषा में अपना लेखन करती हैं। बानू को जो बुकर पुरस्कार मिला है वह कन्नड़ में लिखी उनकी लघुकथा संग्रह से चुनी कुछ लघुकथाओं के अंग्रेजी अनुवाद पर दिया गया है। उन्होंने कुल छह लघुकथा संग्रह, एक उपन्यास, एक निबंध और एक कविता संग्रह लिखा है। उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी, तमिल, मलयालम और उर्दू में किया गया है। उन्हें इसके अलावा और भी साहित्य पुरस्कार मिले हैं। साहित्य में सबसे अहम सवाल है कि आप कितना लिख रहे हैं यह मायने नहीं रखता है। वजूद इस बात का है कि आप क्या लिख रहे हैं। लिखा तो बहुत कुछ जा रहा है या बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन सबको बुकर नहीं मिला। बुकर को ध्यान में रखकर लिखना भी संभव नहीं है। क्योंकि साहित्य कोई तकनीक नहीं एक जीवंत



कला है जो बगैर जीवन के जीवंत नहीं होती। बानू लंकेश पत्रिका से भी जुड़ी थीं और बेंगलुरु आल इण्डिया रेडियो में भी काम किया।

बानू मुश्ताक (77) की स्कूली शिक्षा की शुरूवात भी कठिन चुनौतियों से हुई यही उनके लेखकीय जीवन की चुनौती बनी। उनका जन्म 1948 में कर्नाटक के मुस्लिम परिवार में हुआ था।

शिवमोगा के कन्नड़ मिशनरी स्कूल में पिता के काफी प्रयास के बाद उनका दाखिला भी आठ साल की उम्र में इस शर्त पर हुआ था कि उन्हें छह माह में कन्नौड़ को लिखना पढ़ना आना चाहिए, नहीं तो स्कूल छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि बानू एक मुस्लिम परिवार से रहीं जहाँ स्कूल की शर्त उनके लिए एक चुनौती थीं, लेकिन उन्होंने कर दिखाया। मुश्ताक ने 1980 में मुस्लिम समाज में कट्टरता को कम करने के लिए काम किया। उन्होंने मस्जिदों में भी मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश की वकालत किया जिसकी वजह से उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी हुआ। उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिली। हलांकि उन्होंने स्कूलों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का समर्थन किया था, जिसका विवाद कर्नाटक के शिक्षा संस्थानों में आज भी मुद्दा है। बानू मुश्ताक ने मुस्लिम समाज में औरतों और दूसरी समस्याओं को बड़ी गहराई से परखा। ऐसी समस्याओं ने उन्हें प्रभावित किया जिसे उन्होंने कहानी या लघुकथा का आधारा बनाया। लिखने का शौक उन्हें बचपन से था, उनकी पहली कहानी 26 साल की उम्र में प्रजामाता में प्रकाशित हुई इसके बाद लेखन की दुनिया में उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिस हॉर्ट लैम्प के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला है उसमें 1990 से 2023 तक की लघुकथाएं हैं जिनमें मुस्लिम समाज की महिलाओं का संघर्ष दिखाया गया है। अनुवादक दीपा भस्थी भी पहली भारतीय हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।

मुश्ताक कहानियों का अनुवाद साल 2022 में पहली बार दीपा भस्थी ने अंग्रेजी में किया। जिसमें उन्होंने हॉर्ट लैंप नाम से कन्नड़ से कुछ चुनी हुई कहानियों का अंग्रेजी में अनुवाद किया जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार में 50 हजार पाउंड की राशि लेखक को मिलती है। जिसमें आधी राशि अंग्रेजी अनुवादक के हिस्से में जाती है। क्योंकि बुकर पुरस्कार सिर्फ अंग्रेजी कृति या उस भाषा में अनुदित संग्रह को ही मिलता है। इसका मकसद साफ है कि अच्छा साहित्य सभी तक पहुंचना चाहिए। क्योंकि कि साहित्य की कोई सीमा नहीं होती है। भारतीय रुपए में इस पुरस्कार की कीमत 52.95 लाख होती है। मुश्ताक पहली कन्नड़ लेखिका हैं जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया। यह अनुवादक दीपा भस्थी के लिए भी गर्व का विषय है। बुकर पुरस्कार के निर्णायक मण्डल के अध्यक्ष मैक्स पोर्टर कहानियों की सराहना किया। उन्होंने कहा है कि हलांकि मुश्ताक की कहानियां स्त्रीवादी विचारधारा की पोषक हैं। पितृसतात्मक व्यवस्था का मुखर विरोध और प्रतिरोध है। लेकिन सबसे अहम बात है कि इसमें स्त्री के दैनिक जीवन के संघर्ष को बेहद उम्दा तरीके से प्रदर्शित किया गया है। यह अपने आपमें सबसे अलग है।

अब तक छह पूर्व भारतीय लेखकों को उनकी कृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिल चुका है। जिसमें वीएस नायपॉल, सलमान राश्दी, अरूँधती राय, किरण देशाई, अरविंद अडिगा और गीतांजली श्री को हिंदी उपन्यास के लिए 2022 में यह पुरस्कार मिला था। जबकि सबसे पहले 1971 में नायपॉल को मिला मिला था। बुकर की होड़ में पांच किताबें शामिल थीं जिसमें सोलेज की ऑन द कलकुलेशन ऑफ वैल्यूज, स्मॉल बोट की विसेंट डेलिक्रोइस्क, हीरोमी कावाकामी की अंडर द आई ऑफ द बिग बर्ड, डिसेंजो लैट्रिनिको की परफेक्शन और ऐरी सेरे की ए लैपर्ड स्किन हैट शामिल थीं। ऐसी स्थित में कन्नड़ से अंग्रेजी में अनुदित हॉर्ट लैम्प को बुकर मिलना गर्व की बात है।

बुकर पुरस्कार की स्थापना 1969 में इंग्लैंड की मैकोनल कम्पनी ने की थीं। इस पुरस्कार का पूरा नाम मैन बुकर प्राइज फॉर फिक्शन है। इसमें लेखक और अनुवादक को निर्धारित 50 हजार पाउंड की राशि में आधा-आधा हिस्सा मिलता है। इस पुरस्कार का उदेश्य अच्छे साहित्य का विकास है। जिसकी अवधारणा है कि कोई भी अच्छा साहित्य की कोई सीमा नहीं होती, बस उसके लिए मंच और माध्यम आवश्यक है। इसमें न लेखक की भाषा मायने रखती है न लेखक की जाति और धर्म। बस ! आप भी लिखते हैं तो कुछ अच्छा लिखिए, भले छोटा लिखिए या कम लिखिए।

## कविता

इन बादलों की गर्जना
से आसमान दहल उठा,

यात्रियों की सांसे अटकी
जैसे कोई कहर उठा।

दिल्ली-श्रीनगर जा रही थी
इंडिगो की फ्लाइट,

छत्तीस हजार फीट ऊंचाई पे
हिचकोले हाईट।

आसमान में हवा से ज्यादा
जरूरत जमीन की,

मगर पडोसी की इंसानियत
बहुत ही जहीन थी।

इन बादलों की गर्जना से
आसमान दहल उठा,

यात्रियों की सांसे अटकी
जैसे कोई कहर उठा।

एक नियमित उड़ान
पठानकोट का आसमान,

तभी पायलट के रडार पे
आया भीषण तूफान।

ऐसे हालात में वापस लौटो
या वैकल्पिक रूट,

दायीं ओर तूफान और बाईं
ओर हैं पाकिस्तान।

इन बादलों की गर्जना से
आसमान दहल उठा,

यात्रियों की सांसे
अटकी जैसे कोई कहर
उठा।

ज़िंदगी और मौत के बीच
एक पतली सी रेखा,

इसे पार पाने की चाबी को
पाकिस्तान ने देखा।

मानवीय आधार पे लाहौर
से ही की थी विनती,

पाक इंसानी परीक्षा में हुआ
फेल भूला गिनती।

इन बादलों की गर्जना से
आसमान दहल उठा,

यात्रियों की सांसे अटकी
जैसे कोई कहर उठा।

यह ना केवल एक
राजनीतिक इनकार भर था,

ये मानवता के विरुद्ध मौन
हो रहा अपराध था।

अगर पायलट यहाँ थोड़ीसी
भी चूक कर जाता,

यात्रियों का परिवार एवं देश
शोक में डूब जाता।

**संजय एम**

## अब कोई रोक नहीं सकता-भारत चल पड़ा है

**प्रो. आरके जैन**

**भारत** आज वैश्विक मंच पर एक ऐसी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जो अपनी आर्थिक प्रगति, नीतिगत मजबूती और नेतृत्व की दूरदर्शिता से दुनिया को चकित कर रहा है। जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़कर भारत ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का खिताब हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की उस अथक मेहनत और विजन का परिणाम है, जिसने देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। भारत की यह प्रगति केवल आंकड़ों की जीत नहीं है, बल्कि यह उस नेतृत्व की कहानी है, जो हर भारतीय के लिए गर्व का विषय बन चुकी है। जापान को पीछे छोड़ना भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की नाममात्र जीडीपी 2025 में 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जबकि जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर रही। यह अंतर भले ही मामूली लगे, लेकिन इसके पीछे की कहानी बेहद प्रेरणादायक है। विश्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था ने 2014 से 2025 के बीच औसतन 6-7% की वार्षिक वृद्धि दर हासिल की है, जो मोदी सरकार की नीतियों का परिणाम है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को एक ऐसा माहौल दिया, जहां नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिला। भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जो वैश्विक दिग्गजों को चुनौती दे रही है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत 2028 तक जापान को पूरी तरह से पीछे छोड़ देगा।

आईएमएफ के प्रक्षेपण के अनुसार, भारत की जीडीपी 2028 तक 5.9 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है, जबकि जापान की वृद्धि दर धीमी होने की संभावना है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी नीतियों ने भारत को एक ऐसी स्थिति में ला खड़ा किया है, जहां बड़े-बड़े देश भारत के साथ सहयोग करने को आतुर हैं। भारत 2025 के अंत तक अपने जनसंख्यात्मक लाभांश का उपयोग करेगा, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, और यह युवा शक्ति भारत की प्रगति का आधार बन रही है। स्किल इंडिया मिशन और नई शिक्षा नीति जैसे कदम इस बात का प्रमाण हैं कि मोदी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही है कि उसने भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया है। विश्व बैंक की "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" रैंकिंग में भारत ने 2014 में 142वें स्थान से 2024 में 50वें स्थान तक की छलांग लगाई है।

## विचार

# भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक से बौखलाया पाकिस्तान

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा जा रहा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों में बंटे हैं। इसमें ऑपरेशन सिंदूर का बैकग्राउंड और डिप्लोमैटिक एवं सैन्य कार्रवाई के पांच बड़े संदेश इन 33 देशों तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। असल में, पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की पोल खुलने के बाद भारत ने उसके खिलाफ चौतरफा मोर्चा खोल दिया है। पाक की ह्यआतंकिस्तानह्ल की इमेज को बेनकाब करने के लिए एक और मोदी सरकार ने दुनियाभर में भारत के सांसद भेजे हैं। खास बात ये है कि ये सर्वदलीय सांसद हैं और ये एक स्वर में पाक और आतंक के रिश्तों को वैश्विक मंच पर उजागर करेंगे। ये कई देशों में बताएंगे कि कैसे पाकिस्तान आतंकवादियों की पौध को उगाने, आतंक के अड्डों में प्रशिक्षण देने, फंडिंग करने से लेकर हमले करने तक के लिए ट्रेंड करता है। दूसरी ओर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक स्ट्राइक भी कर दी है। भारत सरकार ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में पाकिस्तान को फिर से भेजने के लिए काफी ठोस कोशिशें शुरू कर दी हैं। पाकिस्तान की सच्चाई सामने लाने के लिए भारत से दो प्रतिनिधिमंडल रवाना हो गए हैं। शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल गुयाना और बैजयंत पांडा के नेतृत्व में दूसरा दल बहरीन गया है। सांसदों का दौरा 22 मई से 5 जून तक चलेगा। 59 सांसद दुनिया को ये 5 बड़े संदेश देंगे। जिनमें पहला संदेश है आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस। इसमें बताएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। पाक सेना ने इसे खुद के खिलाफ हमला माना और पलटवार किया। दूसरा सन्देश है, पाक आतंक का समर्थक। सांसद कुछ सबूत लेकर जा रहे हैं, जिनमें वो बताएंगे कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट की भूमिका थी। इससे पहले हुए हमलों का भी पूरा चिट्ठा सांसद ले जा रहे हैं। तीसरा संदेश है भारत जिम्मेदार और संयमित : भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया। यह सुनिश्चित किया कि पाक के किसी निर्दोष नागरिक की जान न जाए। पाक ने कार्रवाई रोकने का जब आग्रह किया तो भारत ने उसे तत्परता से स्वीकारा।

चौथा सन्देश है, आतंक के खिलाफ विश्व एकजुट हो। सांसद इन देशों से आतंकवाद के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने और इससे निपटने के लिए सहयोग व समर्थन भी मांगेंगे। अपील करेंगे कि भारत-पाक के विवाद को आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के तौर पर देखें। पांचवां और अंतिम सन्देश है, पाक को लेकर हमारी नीति। यह बताएंगे कि पाक के खिलाफ भारत ने अपना बदला हुआ दृष्टिकोण उजागर किया है। भारत सीमा पार से पैदा होने वाले खतरे को लेकर उदासीन रहने के बजाए प्रो-एक्टिव रवैया अपनाएगा और आतंकी हमलावरों को पहले ही निष्क्रय करेगा।सरकार का कहना है कि इस कदम से दुनिया को पता चलेगा कि भारत आतंकवाद को लेकर कितना गंभीर है। भारत चाहता है कि सभी देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ें। सरकार का यह भी कहना है कि "यह एक महत्वपूर्ण राजनयिक प्रयास है।" इससे भारत और दूसरे देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे।

भारत सरकार काफी मजबूती से एफएटीएफ की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ मामले को उठाने वाली है और इसके लिए मजबूत रणनीति बनाई जा रही हैं। संभवतः अगले महीने एफएटीएफ की समीक्षा बैठक होने वाली है और भारत ने पुरजोर सबूतों के साथ पाकिस्तान की तरफ से फैलाए जा रहे आतंकवाद के मुद्दे को उठाने का फैसला किया है। इसमें भारत की कोशिश पाकिस्तान को एक बार फिर से ग्रे लिस्ट में डलवाने की होगी। भारत का मानना है कि पाकिस्तान आतंकवाद को रोकने में नाकाम रहा है और वैश्विक संस्थाओं से उसे जो धन मिलता है, उसका इस्तेमाल वो आतंकवादियों को हथियार और धन मुहैया करवाने में करता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अहिल्यादेवी होल्कर का शासनकाल दुनियाँ के लिये मिसाल

**नरेंद्र तिवारी**

मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक इंदौर के होल्कर राजवंश के महल राजवाडा मे 20 मई को आयोजित हुई। राजवाड़ा मे बैठक के पीछे सरकार का संदेश लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती को यादगार एवं चिरस्थाई बनाना रहा है। प्रजातंत्रिक ढंग से चुनी गयी मोहन यादव सरकार ने एमपी की राजधानी भोपाल मे बने विधानसभा भवन की बजाय इंदौर के राजवाड़ा मे सरकार की एक दिवसीय बैठक का राजशाही अंदाज मे आयोजन किया। इस हेतू इंदौर के राजवाड़ा मे मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की बैठक उसी प्रकार सजाई गयी जैसे राजवाड़ा पर राजा महाराजा के समय हुआ करती थी।

असल मे इस बैठक के पीछे लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को याद करना था। उनके लोकहितार्थ किये कार्यो को याद करना था। परम शिवभक्त अहिल्याबाई होल्कर का सम्पूर्ण जीवन सादगी, गरिमा और संघर्ष की मिशाल रहा है। उनका शासनकाल जनहित और लोकमंगल का प्रमाण है। उन्होंने अपने राज्य मालवा मे उत्कृष्ट कार्य किये अपनी सीमा से बाहर भी जनहित के कार्य किये। उनका शासन मालवा राज्य का स्वर्णिम काल रहा है।

अहिल्या बाई एक साधारण परिवार मे जन्मी असाधारण महिला थी। अपने लोकमंगल के कार्यो से समाज ने उन्हें देवी अहिल्या का दर्जा दिया। अहिल्या बाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी ग्राम मे हुआ था। उनके पिता का नाम मानको जी शिंदे था। वे खेतीबाडी करते थे,अहिल्या बाई अपने पिता की एकमात्र संतान होने से परिवार मे उनके प्रति अपार स्नेह था। अहिल्या बचपन से ही शिव की परम भक्त थी, ईश्वर पर उनका अटूट विश्वास था। ईश्वर पर उनका विश्वास जीवनपर्यन्त कायम रहा। उनका विवाह मालवा के शासक मल्हारराव होल्कर के पुत्र खाण्डेराव होल्कर से हुआ। उन्होंने अपनी सरलता से ससुराल वालों का दिल जीत लिया। सब उन्हें बहुत स्नेह करते थै, उनकी दो संताने हुई। पुत्र का नाम मालेराव एवं पुत्री का नाम मुक्ताबाई था। उनके जीवन मे परिवार का सुख अधिक नहीं रहा। भरतपुर युद्ध मे खाण्डेराव वीरगति को प्राप्त हो गए। अहिल्याबाई युवा अवस्था मे ही विधवा हो गयी।

## सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारतीय** सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।

भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।। अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला।

## न्यूज फ्लैश

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा अध्यक्ष की चाची के निधन पर किया शोक व्यक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय श्री रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरुबचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती गुरुबचनी देवी एक धार्मिक और शालीन महिला थीं, जिन्होंने अपना जीवन आध्यात्मिक मूल्यों और पारिवारिक सद्भाव के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि परिवार में अपनो का जाना बेहद दुखद होता है, लेकिन संसार में जीवन और मृत्यु निश्चित है। श्रीमती गुरुबचनी देवी मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थी, उनके जाने से समाज के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से उनकी चाची जी के जीवन के बारे में विस्तार से जाना। स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी का निधन 19 मई को हो गया था।
अन्य परिवार जनों से मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण से लगभग एक घंटे तक अलग से चर्चा की। गौरतलब है कि कल्याण की गिनती मनोहर लाल के करीबी व विश्वासपात्रों में होती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री विशम्भर वाल्मीकि, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।
बता दें कि कल्याण फार्म पर गणमान्य व्यक्तियों व प्रशासनिक अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय चौटाला सहित अन्य मंत्रीगण ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय श्री रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरु बचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

### मोबाइल शॉप में 1.84 लाख की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** घरौंडा थाना क्षेत्र के कोहंड गांव में मोबाइल की दुकान में बड़ी चोरी हुई है। दुकानदार बीमार होने के कारण दुकान बंद कर घर चला गया था। चोरों ने रात के समय दुकान का ताला तोडकर करीब 1.84 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की तारें काटकर मेमोरी कार्ड भी निकाल ले गए, ताकि कोई सुराग न मिले। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव गगसीना निवासी दुकानदार राहुल की कोहंड में आरएस मोबाइल के नाम से दुकान है। 23 मई को तबीयत खराब होने की वजह से वह सुबह 11.30 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। 24 मई शाम को दुकान के पड़ोसी का फोन आया, जिसने बताया कि दुकान में चोरी हो गई है।
राहुल मौके पर पहुंचा तो पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखा सामान गायब था। चोर दुकान से 13500 रुपए नकद, 20 कीपैड मोबाइल, 2 स्मार्टफोन, 20 नेकबैंड, 20 ईयर बड्स, 20 मिनी स्पीकर, 4 पावर बैंक, 10 मोबाइल चार्जर, 10 घडि?ां, 4 बड़े टावर स्पीकर, 5 मिनी टावर स्पीकर, 4 अन्य टावर स्पीकर, 4 सेकेंड हैंड मोबाइल, 5 रिपेयर के लिए आए कस्टमर मोबाइल और मिक्स लावा एसेसरीज चोरी करके ले गए। चोरी किए गए सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 84 हजार 550 रुपए बताई गई है।
पीड़ित ने मामले की शिकायत घरौंडा थाना पुलिस को की है, जिसमें राहुल ने बताया कि दुकान में लगे कैमरों की तारें भी चोरों ने काट दीं और मेमोरी कार्ड निकाल ले गए, ताकि फुटेज ना मिले। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
जांच अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि मोबाइल शॉप में चोरी हुई है और चोरी में 1.84 लाख का नुकसान बताया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक किए जा रहे है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# यातायात नियमों का पालन करना सुरक्षित यात्रा के लिए जरूरी: एसपी

## गोल्डन ऑवर में सड़क दुर्घटना के दौरान घायल व्यक्तियों की करें मदद

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत आईपीएस ने यातायात के नियमों का पालन करना क्यों जरूरी है तथा यातायात के नियमों का पालन न करने से आमजन को होने वाली हानी के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी शहर का यातायात सुव्यवस्थित रहे इसके लिए यातायात नियमों का पालन करना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से दुर्घटना हो सकती है। यातायात के नियमों का पालन ना करने के अभाव में किसी की भी जान जा सकती है जिसका खामियाजा परिवार के लोगों को भुगतना पड़



सकता है। इसके साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने से ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात पायी जा सकती है। अगर हम सड़क पर सुरक्षित रहना चाहते हैं तो सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होती है और सही सलामत आप अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। विशेष कर मोटरसाइकिल चालक को हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए।
एसपी महोदय ने बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों की पालना हेतु लगातार जागरूक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाते है। वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनें, दो से ज्यादा व्यक्ति दोपहिया वाहन पर सफर न करें, गाड़ी चालक सीट बेल्ट का उपयोग करे,मार्गों पर वाहनों की गति को नियंत्रण में रखें। कभी ओवरटेक न करें। आंकड़े बताते हैं कि ज्यादातर दुर्घटनाएं तेज और अनियंत्रित रफ्तार के कारण ही होती हैं। जो यह दुर्घटनाए यातायात नियमों का उल्लंघन करना मुख्य कारण दशार्ती है।यातायात के निदेर्शों का पालन करने से हम खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरों को भी सुरक्षित रखते हैं। जो चालक नियमों का पालन नहीं करते हैं, ऐसे लोगों पर कानूनी शिकंजा कसा जाता है। जो लोग यातायात नियमों को तोड़ते हुए पाए जाते हैं, उन पर जुमार्ना लगाया जाता है।
उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना न करना खुद की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। खुद व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना जरूरी है। किसी भी

### विधायक प्रमोद विज ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122 वे एपिसोड को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कृष्ण पुरा में बूथ नंबर 189 में भाजपा कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम को सुना. ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला मन की बात का कार्यक्रम था, मन की बात के दौरान प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश ने एक जुटता दिखाते हुए सरकार और सेना का साथ दिया है, वही प्रधानमंत्री ने खेलों इंडिया गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की। विज ने कार्यक्रम के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रेरणादायी उद्बोधन राष्ट्र सेवा हेतु उन्हें प्रेरणा देता है, आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से तरक्की कर रहा है एवं विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर विश्व पटल पर भारत उभरा है।
ये रहे उपस्थितः- कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सचिन सिंगला, सुनील कंसल, राजेश भारद्वाज, नकुल जैन,मीनू शर्मा ,किरण सैनी, गुरुदत्त एवं पार्षद सुरेंद्र गर्ग, सतीश सहगल एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे

### 7 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी रवि गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बीती शाम पुलिस चौकी बयाना की पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर नहर जैनपुर रोड इंद्री से आरोपी रवि पुत्र रामकिशन गांव बयाना इंद्री, करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 7 ग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना इंद्री में मुकदमा दर्ज किया गया है।
आज आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### लड़कियां शिक्षित हो और मजबूत बन बुराईयों से दूर रहे: रेखा एचओ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
गांव सनौली खुर्द में नेहरू युवा केन्द्र खेल एवं युवा कार्यक्र ?म मंत्रालय भारत सरकार से सबंध ग्र ?ाम सुधार मंड़ल एवं सदभावना युवति मंडल व यमुना सुधार समिति के सहयोग से चलाए गए ग्रामीण लड़कियों व महिलाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर-ब्यूटिशियनप्रशिक्षण सैंटर के समापन पर प्र ?शिक्षण प्र ?माण पत्र वितति किए और नए सैंटर का रिबन काट कर उदघाटन मुखयअतिथि महिला थाना एसएचओं रेखा, अति विशिष्ट अतिथि यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच संजय त्यागी ने रिबन काट



कर उदघाटन किया । इस अवसर मुखयअतिथि रेखा महिला थाना एसएचओं ने लडकियों व महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे किसी भी क्षेत्र में पिछे नही हैं। जीवन में कड़ी मेहनत कर आगे बढे। लडकियों उच्च शिक्षा ग्र ?हण करे और मोबाईल फोन से दूरी बना कर रखे, जरूररत की चीजे ही मोबाईल में प्र ?योग करे । किसी के बहकावे में न आएं । महिला अपराध को रोकथाम के लिए लडकियों व महिलाओं को भी जागरूक होना होगा और सचेत रहे। साईबर ठगी से बचे। अन्याय सहन न करे । कोई गलत हरकत करता है इसके लिए महिला पुलिस 24 घंटे सेवा में तत्पर हैं। और रेखा ने कहा कि लडकिया व महिलाएं कंप्यूटर, ब्यूटिशियन, सिलाई जैसे प्र ?शिक्षण ले कर आत्मनिर्भर बनें । घर पर ही स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन अपनी अर्थिक स्थिति में सुधार करें । और उन्होंने महिला अपराधो को रोकथाम व पुलिस सुरक्षा व सहयोगसंबधी विभाग की योजनाओं बारे भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि यमुना सुधर समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने कहा कि आज आधुनिक युग में उन्हें आगे बढते हुए मेहनत, लगन कर अपनी मंजिल हासिल करनी होगी ।

### पानीपत के गुर्जर भवन में हुई गुर्जर महापंचायत

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
गुर्जर महासभा पानीपत के तत्वावधान में शनिवार को सेक्टर 24 स्थित गुर्जर भवन में गुर्जर महापंचायत हुई। जिसमें समस्त हरियाणा और उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ व दिल्ली आदि से गुर्जर समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। जबकि महापंचायत में पानीपत जिला से सर्व समाज ने भाग लिया। महापंचायत की अध्यक्षता राष्ट्रीय गुर्जर समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनन्त राम तंवर ने की। वक्ताओं ने कहा कि इसी माह दिल्ली के एक होटल से समालखा के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर की गिरफ्तारी के दौरान ईडी के अधिकारियों ने उनके साथ जो गलत व्यवहार किया, वह निंदनीय है। इससे गुर्जर समाज को भारी ठेस पहुंची है। वक्ताओं ने कहा कि कोई गलत करता है तो कानून के अनुसार उसको सजा देने का प्रावधान है।
आरोप लगाया कि पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर की गिरफ्तारी के दौरान सरकार के ईशारे पर इडी के अधिकारियों ने ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज के मान सम्मान की इस लडाई में सर्व समाज साथ खडा है और जब तक ऐसा करने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### विधायक कबीरपंथी ने गांव अमुपुर में एक करोड़ तीस लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आज अमुपुर गांव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्र को नई सौगातें दीं। इन विकास कार्यों में मुख्य रूप से बाजीगर चौपाल, वाल्मीकी चौपाल, अम्बेडकर भवन, करताराम चौपाल, प्रजापत चौपाल, ब्राह्मण चौपाल, ई-लाइब्रेरी, बीसी चौपाल, राजीव गांधी युवा केंद्र शामिल हैं। इन सभी महत्वपूर्ण सामुदायिक भवनों और सुविधाओं का निर्माण



लगभग एक करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से संपन्न हुआ है।
विधायक ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से गांव के सभी वर्गों के लोगों को सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान मिलेंगे। चौपालें हमारी सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक हैं और यह नए भवन ग्रामीणों को आपस में जोड ? और विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करते हैं।
चौपालों से समाज के वर्गों को सशक्तिकरण और सामाजिक समानता की दिशा में बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी युवाओं और छात्रों को आधुनिक शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी से जोड ? में सहायक होगी।
कबीरपंथी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से इन नई सुविधाओं का सदुपयोग करने और क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर अमुपुर गांव के सरपंच युद्धवीर, ठाठ सिंह राणा, बॉबी राणा, विक्रम राणा, रोमी, राजिन्द्र भाम्भरी, दिलेर, पलविंद्र, रमेश तेहरी, भीम सिंह, बजींदर, सुभाष सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के कर्ण गेट क्षेत्र में चोरों ने एक नहीं, बल्कि दो दुकानों को निशाना बनाया। चोर शटर तोडकर अंदर घुसे और दुकानों से कीमती सामान व नकदी लेकर फरार हो गए। इस दौरान चोरों ने सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया और डीवीआर मशीन भी अपने साथ ले गए, ताकि उनके पहचान में आने का कोई सबूत न बचे।
वारदात में चोरों ने सबसे पहले सरदारी गारमेंट की दुकान का शटर तोड़ा। दुकान के मालिक के अनुसार, चोर करीब 25 हजार रुपए कीमत के कपड़े चोरी कर ले गए। दुकान में कैश नहीं रखा गया था, इसलिए वहां से सिर्फ कपड़े ही चोरी हुए। दुकानदार ने बताया कि दुकान में तीन शटर लगे हुए हैं,



चोरों ने तीनों को तोड़ दिया। लोहे की मजबूत रॉड का इस्तेमाल कर शटर को उठाया गया।
पास ही स्थित शिवम टेपिंग मटीरियल की एक अन्य दुकान में भी चोर घुसे। यहां से उन्होंने कैश काउंटर में रखा पैसों का गल्ला उठा लिया, जिसमें करीब 12 हजार रुपए थे। दुकान मालिक शिवम ने बताया कि चोरों ने सिर्फ कैश पर हाथ साफ किया है, बाकी सामान को नहीं छुआ। दोनों दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, लेकिन चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले ही कैमरों को तोड़ दिया। साथ ही डीवीआर मशीन भी अपने साथ ले गए, जिससे फुटेज न मिल सके। यह साफ तौर पर दशार्ता है कि चोरों ने पूरी तैयारी के साथ वारदात को अंजाम दिया।
दुकानदारों के अनुसार दुकानों की निगरानी के लिए सिक्योरिटी गार्ड नियुक्त किया गया है। सरदारी गारमेंट के मालिक ने बताया कि गार्ड से बात करने पर उसने कहा कि वह रात 5 बजे तक वहां था। लेकिन दुकानदारों का दावा है कि चोरी की घटना शाम सवा चार बजे हुई। ऐसे में गार्ड की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। चोरी वाली जगह से कुछ ही दूरी पर पुलिस का बूथ स्थित है।

### जिले में पंच पद का चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से होगा संपन्न: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पंचायती राज संस्थाओं के जिला पानीपत के 28 पंच पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 30 मई तक सुबह 10 बजे से लेकर सांय 3 बजे तक जारी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) एवं उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव का नामांकन 30 मई तक ( 24 और 29 मई राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) भर सकते हैं। इच्छुक प्रत्याशी उक्त अवधि में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन भर सकते हैं।

### साइबर ठगी के तीन मामलों में 07 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना साइबर क्राईम पुलिस ने 21 मई 2025 को कार्यवाही करते आरोपी इन्द्रराज निवासी गाँव बैनाडा थाना बस्सी जिला जयपुर राजस्थान, नरसी लाल निवासी कचैलिया थाना बस्सी जिला जयपुर राजस्थान, संजय निवासी गाँव पिलसन बिहारीपुरा थाना बस्सी जिला जयपुर राजस्थान व राहुल सिहँ निवासी श्रीराम नगर बी झोटावाड़ा जिला जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 3 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया था। दौराने रिमाण्ड आरोपियों से 46 हजार



रुपए नकदी व 1 मोबाइल बरामद किया गया है।
मामले में अब तक कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 27 लाख 46 हजार रुपए रुपए बरामद किए जा चुके हैं और करीब 17 लाख रुपए खातों में फ्रीज करवाए गए है। आरोपियों को आज माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में साइबर क्राईम पुलिस गहनता से जाँच कर रही है।इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री राजेन्द्र कुमार निवासी पालम विहार ने 6 अप्रैल 2025 को थाना साईबर क्राइम जिला अम्बाला में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 5 अप्रैल 2025 के दौरान अज्ञात आरोपी ने फर्जी पुलिस बनकर ऑनलाइन फर्जी पुलिस अरैस्ट वारंट भेजकर तथा डरा धमका कर डिजीटल अरैस्ट करने के मामले में उससे एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।
एक अन्य मामले में थाना साइबर क्राईम पुलिस ने 24 मई 2025 को कार्यवाही करते आरोपी प्रिंस निवासी गुरूनानक कालोनी थाना बलदेव नगर व तरनजीत सिंह निवासी सेठी गार्डन थाना बलदेव नगर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 05 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया है।

### फाल्कन इंटरनेशनल स्कूल नूंह में फाल्कन लिटरेचर फेस्टिवल धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**
फाल्कन अलिफ इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में फाल्कन साहित्य महोत्सव के पहले सत्र ,ग्रैंड पेरेंट्स का मीटिंग का उद्घाटन बीजेपी के नूह जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू उजीना ने किया गया , जिसमें उसके साथ फाल्कन के मैनेजिंग डायरेक्टर अब्दुल सुभान,साजिद कुरैशी और उमर पाड़ला फजरुद्दीन बेसर साथ रहे सभी वक्ताओं ने अभिभावकों के साथ अपने विचार सांझा किए, स्कूल के प्रिंसिपल ने कार्यक्रम की संयोजन किया और बहुत से अभिभावकों को पढ़ाई के टिप्स दिए और इस सत्र की अध्यक्षता रमजान चौधरी ने की ।
इसके बाद शाम को दूसरे सत्र में




स्कूल के बच्चों ने ढोल नगाड़े के साथ रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं और एक रीड मार्च स्कूल के आसपास नूह कस्बे की गलियों में निकाला जिसके मध्य उन्होंने चौक चौराहे पर गीत संगीत कविताएं नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुत दी,लोगो की भीड़ मार्च को देखने उमड़ पड़ी, इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी अध्यापकों ने अपनी भूमिका निभाई और मुख्य अतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष सुरेंद सिंह जी मौजूद रहे।
तीसरे सत्र में ,,इकरा,एक विचार विमर्श,, का उदघाटन नूह के विधायक चौधरी आफताब अहमद ने किया जिसके साथ मोहम्मद शफीक ( ल्उर) फजल खान(क्क्र), मुबासिर पीके,मौलाना शेर मोहम्मद अमीनी,शाहिद कॉमथ (क्क्र) रहे इस सत्र का संचालन वाइस प्रिंसिपल रबीह केरात ने किया और सभी वक्ताओं ने पढ़ाई के महत्व और उसको आगे बढ़ाने के प्रोसेस पर जोर दिया।
चौथे सत्र में साहित्य महोत्सव के रंगा रंग कार्यक्रम प्रोग्राम का उद्घाटन हथीन के विधायक चो मोहम्मद इसराइल ने किया जिसके साथ साहब पटवारी सिंगार,इशाक तहसीलदार लखनाका,रफीक हथौड़ी प्रधान खेड़ला,डॉ अरशद खान अड़बर,अकबर कासमी,दीन मौहम्मद घासेड़ा,कालू सरपंच जलालपुर इत्यादि रहे,इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और गीत संगीत काव्य पाठन,ड्रामा,स्पीच इत्यादि से सभी का मन मोह लिया।
ज्ञात रहे अभी इस स्कूल को शुरू हुए लगभग डेढ़ महीना हुआ है और स्कूल के बच्चों की कर्करदगी और अध्यापकों की मेहनत ने सभी को प्रशंशा करने के लिए मजबूर कर दिया।
अंत में प्रिंसिपल ने रात्रि के लगभग 10 बजे सभी आगंतुकों अभिभावकों मेहमानों का धन्यवाद करके फाल्कन लिटरेचर फेस्टीवल यानी फाल्कन साहित्य महोत्सव का समापन की घोषणा की।

### वीर सैनिकों और शहीदों को समर्पित होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव: डॉ अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि 30 मई को गौड ब्राहमण विद्या प्रचारिणी संस्था के तीसरे कैंपस पहरावर (रोहतक) में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राज्य स्तरीय समारोह देश के वीर सैनिकों एवं शहीदों को समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने में लोगों में जोश, उत्साह है और इस समारोह में बढ़चढ़ कर 36 बिरादरी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। रविवार को सहकारिता



मंत्री डॉ अरविंद शर्मा संजय कालोनी में भगवान परशुराम धर्मशाला में पहुंचे, जहां विभिन्न संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए व पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव सैनिकों और शहीदों के सम्मान में, भगवान परशुराम की शान में, 36 बिरादरी के कल्याण में, ब्राहमण है मैदान में समर्पित होगा। उन्होने कहा कि गौड ब्राहमण विद्या प्रचारिणी संस्था बहुत पुरानी संस्था है।

## न्यूज फ्लैश

### नशा तस्करों पर शिकंजा, नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने नशीले पधार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे दिनेश कुमार व गुरमीत सिंह वासी कुरुक्षेत्र को काबू करके उनके कब्जे से 563 ग्राम अफीम हैरोइन बरामद की है तथा में नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी सरनाम सिंह वासी ढकिया जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 मई 2025 को एंटी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक धर्मबीर सिंह, ईएसआई जगपाल, मुख्य सिपाही सुनील कुमार, मुकेश कुमार, एसपीओ सुरेन्द्र कुमार व गाड़ी चालक सिपाही जसवंत कुमार की टीम एंटी नारकोटिक सैल में मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि दिनेश कुमार व गुरमीत सिंह वासी कुरुक्षेत्र अफीम/हैरोईन बेचने का काम करते हैं। आज भी दोनों देवीलाल पार्क के पास अफीम/हैरोइन बेचने के लिए जाएंगे। यदि उनको काबू करके उनकी तलाशी ली जाए तो उनके पास से काफी मात्रा में अफीम/हैरोइन बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देवीलाल पार्क पहुंचकर निगरानी रखनी शुरू कर दी। मौका पर राजपत्रित अधिकारी सत्यवीर सिंह ईटीओ कुरुक्षेत्र को बुलाया गया। कुछ देर बाद पुलिस टीम को दो नौजवान देवीलाल पार्क के गेट के पास बैग लिए खड़े दिखाई दिए। पुलिस टीम ने शक के आधार पर दोनों नौजवान लडकों को काबू करके उनका नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम दिनेश कुमार व गुरमीत सिंह वासी कुरुक्षेत्र बताया। दिनांक 24 मई 25 को एन्टी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्ग निर्देश में सहायक उप सुखबीर सिंह की टीम ने मामले की आगामी तफ्तीश करते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी सरनाम सिंह वासी ढकिया जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश किया गया।

### शेर सिंह सैनी बने रोड़वेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा कुरुक्षेत्र डिपो के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : रोड़वेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा 1004 की राज्य कमेटी व कुरुक्षेत्र डिपो की डिपो कमेटी का विस्तार रविवार को राज्य प्रधान निशान सिंह, राज्य महासचिव जयबीर घणघस के नेतृत्व में किया गया। राजेश लाला को अम्बाला कमिश्नरी का प्रभारी व बलविन्दर पबनावा को राज्य उपप्रधान बनाया।

# अहिल्याबाई ने सर्वसमाज की भलाई के लिए कार्य किया: कृष्ण

**21 मई से 31 मई 2025 तक जिला अम्बाला में अलग-अलग जगहों पर यह जयंती समारोह मनाएं जाएंगे**

**प्रशिक्षण**

**लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़े स्तर पर मनाया जा रहा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/मुलाना:** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है 21 मई से 31 मई 2025 तक जिला अम्बाला में अलग-अलग जगहों पर यह जयंती समारोह मनाएं जाएंगे इसी कड़ी के अंतर्गत एक रिसोर्ट सिरसगढ़ में जिला अम्बाला गोष्ठी का आयोजन किया गया।
विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सिरसगढ़ में नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर एक महान शासक, योद्धा और समाजसेवी थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में अपने समस्त मालवा क्षेत्र को समृद्धि और सुरक्षा प्रदान की। उनकी जयंती के अवसर पर, हम उनके जीवन और योगदानों को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं।
विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए अहिल्याबाई होलकर ने कई हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया और शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा दिया, उन्होंने सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने का साहसिक कार्य किया, अहिल्याबाई होलकर ने अपने क्षेत्र में सडक निर्माण और जल संरक्षण के बुनियादी ढांचे पर जोर दिया और स्थानीय हथकरघा उद्योग का विकास किया।
उन्होंने कहा कि वह सभी से आग्रह करते हैं कि वे लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह में शामिल हों और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें। आइए, हम सब मिलकर उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज के विकास में योगदान दें। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती को अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने का काम किया जा रहा हैं। उन्होनें यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने महापुरूषों की जयन्तियों को सरकारी तौर पर मनाकर उन्हें मान-सम्मान देने का काम किया हैं। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नौहनी ने मांग पत्र के माध्यम से कालपी से नारायणगढ़ रोड (वाया ठाकुर द्वारा-मिजार्पुर) मार्ग का नाम मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर मार्ग रखने बारे, मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर आईटीआई नौहनी, मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति स्थापित करने बारे, गांव नौहनी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम से लाईब्रेरी स्थापित करने की मांग रखी।
उन्होनें उपस्थित सभी लोगों को आश्वस्त किया कि इन सभी मांगों को पूरा करने का काम किया जाएगा। उन्होनं इस मौके पर यह भी कहा कि हमारी वीर जांबाजों ने पाकिस्तान में घुसकर उनके आंतकी अड्डों को ध्वस्त करने का काम किया है, हमें अपने वीर जांबाजों पर नाज है।

## परशुराम मंदिर में निवास यज्ञ करके जन्मदिन मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**धूमधाम**

**सभा के सचिव महेश दत्त राय की धर्म पत्नी सुमन राय की जयंती धूमधाम से मनाई गई**

**अम्बाला** : भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार अम्बाला शहर में सभा के सचिव महेश दत्त राय की धर्म पत्नी सुमन राय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सभा के प्रधान देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि सभी अपने जन्मदिन मंदिर में मान लें और भगवान का आशीर्वाद ले लें। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपना जन्मदिन का खर्च वहन नहीं कर सकता तो उसका खर्चा सभा द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान देवेन्द्र की पत्नी किरण बाला ने कहा कि यज्ञ हमारी संस्कृति के सिद्धांत हैं। देवघरों में सभी देवी देवताओं का आवाहन किया जाता है, इससे न केवल सभी पूर्वी देवताओं की पूजा होती है, बल्कि वातावरण भी शुद्ध हो जाता है।
उन्होंने श्री मती सुमन को जन्मदिन की बधाई और उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखशांति की कामना की। इस अवसर पर माधव शर्मा, सुरिन्द्र वत्स, जय भगवान, अविनाश पुरी, जुगल किशोर शर्मा, शिव आसरा, जसविन्द्र शर्मा, जय किशन आदि भक्त जन उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**काबू**

**किरण पाल ने बताया कि 23 मई को वह पीएनबी बैंक के एटीएम से पैसे निकलवाने गया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोपी राकेश कुमार वासी उगालन जिला हिसार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 मई 25 को थाना लाडवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में किरण पाल वासी पटाक माजरा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि 23 मई को वह पीएनबी बैंक के एटीएम से पैसे निकलवाने गया था। जब वह पैसे निकालने लगा तो वहां खड़े एक व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसके बदले में दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया। जब वह घर आया तो उसको पता चला कि उसके कार्ड से 40 हजार रुपए निकाल लिए हैं। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुहिम मिलकर देश को बेहतर बनाना: डॉ अरविंद शर्मा

**गौरव बढ़ा**

**खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा की प्रशंसा से प्रदेश का गौरव बढ़ा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/बलराम**

**सहकारिता,** कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश को विकास की तिगुना रफ्तार से आगे बढ़ाने की झलक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में निरन्तर झलक रही है। पेपर रिसाइकिल में गुरुग्राम व खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा की प्रशंसा से प्रदेश का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर उनकी मुहिम को आगे बढाना है, ताकि देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा किया जा सके। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने गोहाना विधानसभा के बूथ 52 पर पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 122वां एपिसोड सुना। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 122वें संस्करण में खेलो इंडिया में हरियाणा के खिलाड़ियों के दूसरे स्थान पर रहने की चर्चा की। बीते 10 सालों में प्रदेश में खेलो और खिलाड़ियों को लेकर अनुकूल माहौल ने जिला, प्रदेश, देश ही नहीं दुनिया भर में डंका बजाया है। उन्होंने कहा पेपर रिसाइकिल समय की मांग है, इसमें गुरुग्राम समेत कुछ स्थानों पर इसको लेकर जो काम हुए हैं, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी प्रभावित किया है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को स्पष्ट कर दिया है कि आप्रेशन सिन्दूर महज एक सैन्य अभियान नहीं, अपितु भारत के संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस भावना ने पूरे देश को एकजुट करते हुए देशभक्ति के भाव से जोड़ते हुए तिरंगामई कर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को दिनचर्या में शामिल करने व शुगर बोर्ड बनाकर मधुमेह के प्रति जागरूक रहने का संदेश हमें अपनाने की जरूरत है।

## मेयर ने बरसाती निकासी के लिए बनी जालियों को साफ करवाकर पानी निकलवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** बीती रात हुई भारी बारिश से शहर में जगह जगह जलभराव हो गया, सफाई विभाग के अधिकारी चादर तान कर सोये रहे, जब मेयर राजीव जैन सड़कों पर निकले तो अधिकारियों की कुम्भकर्णी नींद टूटी। मेयर ने स्थान स्थान पर बरसाती निकासी के लिए बनी जालियों को साफ करवाकर पानी निकलवाने का काम किया। राजीव जैन ने रविवार को सुबह सात बजे से डेढ़ घंटे तक




शनि मंदिर अंडर पास, सेक्टर 14 मार्किट, सेक्टर 15 की डी ए वी वाली सड़क, गीता भवन चौक, मिशन रोड, ककरोई रोड पर धर्म कांटे वाली गली, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली, परशुराम चौक, दहिया चौक, रोहतक रोड सिथत फ्लाई ओवर के निकट जलभराव का जायजा लिया। शनि मंदिर के पास डिस्पोजल की मोटर चलवाई और जाली के सामने लगा कूड़ा हटवाया तब पानी निकलना शुरू हुआ।

**जलभराव**

**डिस्पोजल की मोटर चलवाई और जाली के सामने लगा कूड़ा हटवाया तब पानी निकलना शुरू हुआ**

इसी तरह ककरोई चौक पर शम्भूदयाल स्कूल वाली गली की जालियां साफ करवाई और गीता भवन, महाराष्ट्र बैंक वाली गली में भी कर्मचारी बुलाकर पानी की निकासी शुरू करवाई। राजीव जैन ने ककरोई रोड पर रवि धर्म कांटे वाली गली में मौका देखने के बाद रेन हार्वेस्टिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर रेन वाटर निकासी की जालियों पर पत्थर रखे हुए हैं जिन्हे हटाया गया।

## एसएमसी गठन के लिए किया सांझी सभा का आयोजन: सीमा आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा :** जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल में एस. एम. सी. के गठन हेतु सांझी सभा का आयोजन किया गया सांझी सभा में गांव ठोल के उन लोगों ने भाग लिया जिनके बच्चे इस विद्यालय में पढ़ते हैं विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय के रखरखाव , विद्यार्थियों की पढ़ाई और विद्यालय से संबंधित अन्य कार्यों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है गत एस.एम.सी . का कार्यकाल पूरा होने के उपरांत आगामी 2 वर्षों के लिए नई



विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया इसी प्रकिया के अंतर्गत सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा आर्य ने गांव से आए हुए अभिभावकों का स्वागत किया और उन्हें एस.एम.सी. के गठन और उसकी कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत करवाया` श्री देवी दयाल शास्त्री के द्वारा विद्यालय के संचालन में एस.एम.सी . की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई `एस.एम.सी .का गठन करते हुए श्री सिलिदर कुमार को अध्यक्ष , श्रीमती सीमा रानी को उपाध्यक्ष , पंच अवतार सिंह , समाजसेवी श्री बलिंदर सिंह , श्री मलकीत सिंह , श्री मती रेखा शर्मा, किरण देवी ,गुरदीप सिंह , गुरबचन सिंह ,रेखा रानी गुरमीत कौर ,सुखविंदर सिंह सदस्य बनाए गए।

## फतेहाबाद में आंधी व बारिश ने मचाई तबाही

**फतेहाबाद।** जिलेभर में शनिवार देर रात जमकर बारिश हुई। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को इस बरसात से जहां राहत मिली वहीं इस बरसात से पहले आई तेज आंधी ने जिले में जमकर तबाही मचाई। जगह-जगह पेड़ टूटकर सडकों पर गिर गए और बिजली के खंबे व ट्रांसफार्मर भी जमीन पर गिरने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठप्प हो गई। बिजली निगम के अनुसार जिले में तेज आंधी से 170 के करीब पोल और 20 के करीब ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरकर खराब हो गए हैं। रविवार सुबह ही बिजली निगम की अलग-अलग टीमें खंबों और ट्रांसफार्मरों को दुरूस्त करने के काम में जुट गई।

## छात्र के साथ दूसरे छात्र के पिता ने बस में चढ़कर की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र के साथ दूसरे छात्र की पिता ने बस में चढ़कर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित छात्र के पिता ने सदर थाना पुलिस में इसकी शिकायत दी। पुलिस अभी जांच कर रही हैं। गांव खेड़की में एक निजी स्कूल बस में चढ़कर एक छात्र के पिता ने 12वीं कक्षा के छात्र की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पीड़ित छात्र के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 और स्कूल प्रबंधन को दी। पुलिस स्कूल बस को थाने ले गई, जिसमें विद्यार्थी भी सवार थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच करने में जुटी है।
शिकायतकर्ता गांव नांगल काठा निवासी सज्जन सिंह ने बताया कि उसका बेटा महेंद्रगढ़ के एक प्राइवेट स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता है। आज सुबह लगभग 6 बजे उसका बेटा अपनी स्कूल बस में सवार होकर स्कूल जा रहा था। लगभग 6:30 बजे उसके बेटे मोहित का उसके पास फोन आया कि गांव खेड़की के एक छात्र के पिता ने उसके साथ बस के अंदर मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और इसकी सूचना पुलिस को दी। साथ ही स्कूल निदेशक को भी दी। शिकायतकर्ता पिता ने कहा कि कल बच्चों की आपस में कोई बात हो गई थी, लेकिन उसमें उसका बेटा मोहित शामिल नहीं था। उसी को लेकर आज खेड़की गांव के एक छात्र के पिता ने बस के अंदर चढ़कर उसके बेटे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

**शिकायत दी**

**साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित छात्र के पिता ने सदर थाना पुलिस में इसकी शिकायत दी**

उसने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई किए जाने मांग की है। विद्यार्थी मोहित के पिता सज्जन सिंह ने बताया कि स्कूल निदेशक से बात की तो उन्होंने कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया। लगभग डेढ़ घंटे बाद स्कूल के टीचर वहां अवश्य पहुंचे थे। छात्र मोहित ने बताया कि कल वह जब स्कूल गया था तो वहां बच्चे आपस मे मारा मारी खेल रहे थे, तो इस दौरान खेड़की गांव के एक विद्यार्थी ने उस पर आरोप लगा दिया। वहीं बस के अंदर सवार एक छात्र ने बताया की खेड़की के अंदर जब स्कूल बस रुकी तब उनके स्कूल के विद्यार्थी का पिता ने बस के अंदर चढ़ कर छात्र मोहित की कॉलर पकड़ ली और उसका सिर शीशे में दे मारा।
जब ड्राइवर और कंडक्टर ने उनको छुड़ाने का प्रयास किया तब भी उन्हें नहीं छोड़ा और जब विद्यार्थियों ने भी उनसे निवेदन किया तो उनको भी भला बुरा कहा।

## श्रीकृष्णा ग्रुप के 56 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल परीक्षा में किया क्वालीफाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ।** श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ में एनटीए द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल परीक्षा में 56 विद्यार्थियों को क्वालीफाई करने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि डॉ. बीरसिंह यादव, विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव व प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई।
पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि श्रीकृष्णा ग्रुप के 56 विद्यार्थियों ने भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में क्लाईफाई किया है। उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूल परीक्षा बीते माह रेवाड़ी में आयोजित में की गई थी। जिसमें श्रीकृष्णा स्कूल का छात्र शुभम पुत्र देवेंद्र ने 400 में




से 342 अंक प्राप्त किए तथा पंकज पुत्र कुलदीप, सुमित पुत्र देवेंद्र, दक्षिणा पुत्री सुकर्म पाल, धारा पुत्री शेरपाल, निखिल दिनेश, साक्षी पुत्री रवि प्रकाश, नैतिक पुत्र रणधीर, आशीष पुत्र बेगराज, आशा पुत्री हनुमान, वंशिका पुत्री बाबूलाल, विक्की पुत्र सुरेंद्र, नैंसी पुत्री हितेंद्र, शिवम पुत्र हरज्ञान, अनुष्का पुत्री सनोज व अंशू पुत्र मैनपाल ने कक्षा नौवीं के लिए क्वालीफाई किया। कक्षा नौवीं क लिए 20 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया। वहीं कक्षा छठी के लिए सक्षम पुत्र ईश्वर यादव, केशव पुत्र रमेश कुमार, मंशु पुत्र बाबूलाल, हर्षित पुत्र मनोज, हावेन पुत्र संजीव, प्रिंस पुत्र अंकुश, लक्ष्य पुत्र रविंद्र, हर्षित पुत्र सुरेंद्र, सक्षम पुत्र सतीश कुमार, प्रतीक पुत्र संजीव सहित अन्य विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल परीक्षा क्वालीफाई किया है। कक्षा छठी के लिए 35 विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया। सम्मान समारोह में उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सीईओ कर्मवीर राव व प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में 35 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया। जिसमें अंशू पुत्री संजय, कीर्तिका पुत्री सुधीर, आरूषी पुत्री सुरेंद्र, मयंक पुत्र विक्रम, सिद्धार्थ पुत्र विक्की, दीपांशू पुत्र परमजीत, कार्तिक पुत्र हरिश कुमार, वरूण पुत्र पवन कुमार, लक्ष्या पुत्र धर्मवीर, समय पुत्र महेंद्र सागरपुर, मंयक पुत्र राकेश, तरूण पुत्र धर्मेंद्र, यश पुत्र राजपाल, दीक्षा पुत्री अतर सिंह, आरती पुत्री सुधीर, राशि पुत्री बच्चन सिंह, सांझी पुत्री प्रवीण, हिमानी पुत्री विक्रम, नव्या पुत्री कर्मवीर, राधिका पुत्री हरिओम, ईशिका पुत्री सुंदरलाल, अंशु पुत्र धर्मवीर अटाली ने भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में क्वालीफाई किया।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा शिक्षण कौशल को किया गया उन्नत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत समिति के प्रधान जगतार सिंह काजल और अन्य समिति के सदस्यों द्वारा अतिथि गण डॉक्टर प्रदीप कुमार और पूजा शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर उनका जोरदार स्वागत किया। रिसोर्स पर्सन प्रदीप और पूजा शर्मा ने शिक्षकों को राष्ट्रीय कार्यक्रम रूपरेखा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में 60 शिक्षक, वेन्यू डायरेक्टर मनजीत वर्मा,उप



प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम कुंडू, प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम दहिया ने हिस्सा लिया और शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए प्रेरणादायक तकनीक के बारे में जाना। जिनका उद्देश्य पाठ्यक्रम में उचित बदलावों के माध्यम से भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली को सकारात्मक रूप से बदलने में मदद करना था। रिसोर्स पर्सन डॉक्टर प्रदीप कुमार और पूजा शर्मा के अनुभव और प्रेरणादायक प्रस्तुति की सभी शिक्षकों ने सराहना की।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क व दो गलियों का किया शिलान्यास

**शिलान्यास**

**हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही और भी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे: विधायक**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को विधिवत रूप से नाथूपुर गांव से सबोली गांव तक 6 करोड़ 50 लाख से बनने वाली सड़क व सबोली गांव में बाबा खेड़ा वाली करीब 24 लाख की लागत से बनने वाली गली, गांव की फिरनी से श्याम धर्म काटा तक बनने वाली गली का शिलान्यास किया। सड़क व गली का निर्माण होने के बाद इससे आवागमन आसान हो जाएगा। गांव में पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत का गाव के सरपंच व गणमान्य लोगों ने के पुष्प गुच्छ व फूल मालाओ से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव के दौरान जारी संकल्प पत्र में किए तमाम वादों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही और भी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कार्य में गुणवत्ता व समय सीमा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं देने के लिए सरकार का फोकस है। जनता की समस्याओं का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश का सामान्य विकास करवा रहे हैं । आज भाजपा की कार्यशैली से प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है । इस अवसर पर बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, सीमा, भाजपा युवा नेता पुनीत राई, जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, वेदपाल शास्त्री अंजलि बजाज अमित दहिया, प्रदीप जयसिंह सबोली, कुंडली नगर पालिका चेयरपर्सन शिमला देवी, पूर्व मार्केट कमेटी अध्यक्ष कुलदीप नांगल, प्रदीप पीडब्ल्यूडी के एक्सियन पंकज गौड ,एसडीओ दिलबाग मेहरा, पार्षद नंदकिशोर, जयराम शर्मा, , मंडल महामंत्री वेद पाल शास्त्री, संजीत सबौली, सरपंच सुनील सबौली आदि भी मौजूद रहे।

# गांव सबोली के प्राचीन इतिहास की पुस्तक का विधायक ने किया विमोचन

**पुस्तक पढ़ने के बाद बच्चों व युवाओं को मिलेगी गांव के इतिहास की जानकारी : विधायक**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को सबोली गांव में आयोजित कार्यक्रम में गांव के मास्टर चांद सिंह द्वारा गांव के प्राचीन इतिहास पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव के इतिहास पर लिखी पुस्तक का विमोचन करने पर बहुत खुशी है । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गांव के इतिहास की पुस्तक का विमोचन एक महत्वपूर्ण अवसर हैं, जिसने गांव के लोगों को उनके अतीत से जुड़ने और अपने इतिहास को समझने का एक नया अवसर प्रदान किया। पुस्तक में गांव के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जैसे कि गांव की स्थापना, गांव के प्रमुख व्यक्तियों के योगदान, और गांव के विकास की कहानी। विमोचन समारोह में मुख्यमंत्री एसडी वीरेंद्र सिंह , गांव के प्रमुख व्यक्तियों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया।
विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह पुस्तक गांव के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी और उन्हें अपने इतिहास को समझने में मदद करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### गन्नौर आरओबी के नीचे मिला अज्ञात शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गन्नौर** आरओबी के नीचे टैक्सी स्टैंड के पास रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलते ही थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के दाहिने हाथ पर दीपक नाम गोदा हुआ है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। थाना प्रभारी जसपाल सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस उसकी पहचान में जुटी है।

### रात को तूफान-बारिश से हुआ भारी नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में देर रात आई तेज आंधी और बारिश से कई इलाकों में मकानों के हिस्से, पेड़, बिजली के खंभे और अन्य ढांचे गिर गए। सदर बाजार इलाके में एक जर्जर इमारत का छज्जा टूटकर गिर गया, जिससे नीचे खड़ी कार मलबे में दबकर पूरी तरह खत्म हो गई। वहीं कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के पास सडक के बीच पेड़ गिरने से ट्रैफिक अवरुद्ध हो गया।
सदर बाजार इलाके में एक पुरानी इमारत का छज्जा तेज आंधी और बारिश के कारण गिर गया। छज्जे के नीचे खड़ी एक कार पूरी तरह मलबे में दब गई और चकनाचूर हो गई। कार मालिक ने बताया कि वह रोजाना अपनी कार घर के बाहर ही खड़ी करता था, लेकिन पास में किसी की मृत्यु के कारण वहां टैंट लगा हुआ था, जिससे उसे गाड़ी कुछ दूर खड़ी करनी पड़ी। उसे अंदाजा भी नहीं था कि वहां पर छज्जा गिर सकता है। अब उसकी कार पूरी तरह से बर्बाद हो गई है।
इलाके के निवासी श्याम सिंह, पवन कुमार, राहुल, राजेश और अन्य लोगों ने बताया कि यह इमारत लंबे समय से जर्जर हालत में थी और कई बार मकान मालिक को इसके बारे में आगाह भी किया गया था। उन्होंने बताया कि लगभग 10-15 साल पहले भी इसी इलाके में एक छज्जा गिरने की घटना में 5 बच्चों की मौत हो गई थी। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हें गिराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।
तेज आंधी के चलते कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के पास सडक के बीचोंबीच एक बड़ा पेड़ गिर गया। इससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। राहगीर विजय कुमार और दिनेश ने बताया कि मौके पर दो पेड़ गिरे थे, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह रुक गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ करवाया। देर रात तक आवाजाही सामान्य हो सकी।
आंधी की वजह से करनाल के कई हिस्सों में बिजली के खंभे गिरने की भी खबरें मिली हैं। इससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई। लोग रातभर अंधेरे में रहे। निगम की ओर से मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।
तेज बारिश के कारण घरौंडा के रेलवे अंडरपास में पानी भर गया, जिससे दोनों ओर दोपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोगों को कई घंटों तक वहीं फंसे रहना पड़ा। वाहन चालकों विनोद, सुमित, विवेक व अन्य ने बताया कि प्रशासन ने इस अंडरपास के एक तरफ तो शेड बना दिया है, लेकिन दूसरी तरफ अब तक शेड नहीं बनाया गया। यह रास्ता दर्जनों गांवों को जोड़ता है, ऐसे में बरसात में यहां परेशानी बढ़ जाती है। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन को आम जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है।

### युवक का अपहरण कर पीटा, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में गांव खेडी मान सिंह के एक युवक ने चार युवकों पर अपहरण कर बंदूक से हमला करनेए जान से मारने की धमकी देने और फिर पुलिस थाने में जबरदस्ती फैसला लिखवाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक के करनाल पुलिस के दो अधिकारियों पर आरोप हैं कि उन्होंने आरोपी पक्ष से मिलकर उसे थाने में डराया, धमकाया और जातिसूचक गालियां दीं। मामले में आईजी करनाल को दी गई शिकायत के बाद अब थाना सदर में एफआईआर दर्ज की गई है। युवक ने पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।
गांव खेडी मान सिंह निवासी बलिन्द्र कुमार ने करनाल आईजी को दी शिकायत में बताया है कि बीती 8 मई को करीब 12.30 बजे आरोपी रिक्की संधू, सुनील फौजी, नन्हा और परी ने मिलकर उसका अपहरण किया और उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। इस दौरान सुनील फौजी ने बंदूक से उसकी गर्दन पर वार किया और सिर में चोट मारी। उसने कहा कि आरोपी उसे जान से मारकर नदी में फेंकने की बात कर रहे थे।
बलिंद्र ने थाना सदर में अपहरण और मारपीट की शिकायत दी थी। इसके बाद वह थाना प्रभारी से भी मिला और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# विधायक कादियान ने सनपेड़ा में 70 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि विकास कार्यों में किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा। हर गांव में समान रूप से विकास कराया जाएगा। रविवार को उन्होंने गांव सनपेड़ा में 55 लाख की लागत से बनी वीकेसी बिल्डिंग और 15 लाख की लागत से वाल्मीकि चौपाल में शेड निर्माण व जीर्णोद्धार कार्यों का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने इन कार्यों पर खुशी जताई। इससे पहले गांव पहुंचने पर सरपंच प्रमोद ढाका और ग्रामीणों ने फूलमाला, पगड़ी पहनाकर विधायक का स्वागत किया। शॉल भेंट कर सम्मान भी दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि महाशय दयाचंद प्रचार कमेटी की ओर से वाल्मीकि चौपाल के उद्घाटन पर महारागनी प्रतियोगिता कराई गई। कलाकारों ने देशभक्ति रागनियों से ग्रामीणों का मनोरंजन किया।विधायक कादियान ने कहा कि गांव की तरक्की ही असली विकास है। उनकी प्राथमिकता हर गांव में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। पानी, बिजली, सड़क जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। गन्नौर शहर में करोड़ों की लागत से पाइप लाइन बिछाई जा रही है। गांवों में भी शहर की तर्ज पर विकास को गति दी जा रही है। विधायक ने सरपंच प्रमोद ढाका की सराहना की। कहा कि प्रमोद कभी अपने हित में फोन नहीं करता, हमेशा गांव के विकास की बात करता है। उन्होंने जीटी रोड से गांव को जोड़ने वाली सड़क के लिए प्रयास किए। अब साढ़े 4 करोड़ की लागत से 5 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़क बनी है। निर्माण में कोई कमी दिखी तो तुरंत अवगत कराया। सरपंच प्रमोद ढाका ने कहा कि गांव में विकास कार्यों को तेज किया गया है। गऊशाला के पास पार्क, श्मशान घाट में शेड और चारदीवारी का काम पूरा होने वाला है। डी प्लान से दो गलियों का निर्माण होगा। इस मौके पर बिसम्बर वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, बिजेंद्र, जगदीप, राजेंद्र, सुनील ढाका, सोनू, राजबीर, हरिया पंडित, शमशेर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तेज आंधी और तेज वर्षा से गन्नौर में पोल व ट्रांसफार्मर टूटे



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** रविवार अल सुबह आई तेज वर्षा और आंधी के चलते गन्नौर शहर, गांवों व खेतों में बिजली निगम को भारी नुकसान हुआ है। आंधी की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में करीब 120 बिजली के पोल टूट गए, जबकि 7 से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हो गए। वहीं शहरी क्षेत्र में भी कई जगहों पर बिजली के पोल व ट्रांसफार्मरों के उखड़ने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब 6 घंटे के कट लगने के बाद शहर के कुछ हिस्सों में सुबह 9 बजे बिजली सुचारू हुई, लेकिन कुछ क्षेत्र में दोपहर बाद बिजली सप्लाई शुरू हो पाई। वहीं गांवों व खेतों में अब भी कई स्थानों पर बिजली की आपूर्ति ठप है। बिजली निगम के कर्मचारी मुरम्मत कार्य में जुटे हैं, ताकि बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू किया जा सके। निगम के अनुसार, आंधी से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# आर्य समाज की 10000 संस्थाएं विश्व स्तर पर फहरा रही वैदिक धर्म की पताका

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक और स्कूल प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल परिसर में षट्दिवसीय सार्वदेशिक आर्य वीर दल एवं सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन वेदाचार्य एवं धमाचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। आर्य समाज काबडी. के उप प्रधान ओम दत्त शर्मा, जगदीश चहल, आशा अरोड़ा, प्रवीण आर्य, कर्ण आर्य, जय राम आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं दीक्षा, इशिका, वंशिका कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि रहे । अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की। यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी।
शिविर को संबोधित करते हुए आचार्य राजकुमार शर्मा ने आर्य वीर दल की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्य वीर दल आर्य समाज की शैक्षिक संस्था है और अर्ध सैन्य संस्था के माध्यम से राष्ट्र की रक्षा कर रही है। योग और ध्यान योग से जहां तन मन स्वस्थ रहता है, वहीं योगाचार्य के लिए रोजगार की कोई समस्या नहीं है इसीलिए सभी छात्रों को दिमाग केंद्रित कर-के यह प्रशिक्षण लेना चाहिए।

# विश्व में रक्तदान सबसे बड़ा और अमूल्य दान है, मानवता के लिए यह बहुत बड़ी समाज सेवा : कृष्णा गहलावत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** बहालगढ़ मार्केट एसोसिएशन व रक्त वाहिनी के सहयोग से भारतीय सेना के लिए विशाल रक्तदान शिवर लगाया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साह से भाग लिया । शिविर का शुभारंभ करने पहुंची विधायक कृष्णा गहलावत का संगठन के पदाधिकारी ने पुष्प गुच्छ व फूलमाला से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि विश्व में रक्तदान सबसे बड़ा और अमूल्य दान है। इस रक्तदान से किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है रक्तदान बहुत बड़ी जन कल्याण का कार्य है। लोगो मे यह जागरूकता होनी चाहिए की रक्त दान से शरीर मे कोई हानि नही होता है। विधायक ने रक्त दान शिविर के आयोजक पर धन्यवाद देते हुए कहा की मानवता के लिए यह बहुत बड़ी समाजसेवा है । शिविर में जखोली मंडल के अध्यक्ष से शेखर आंतिल ने भी अपने युवा साथियों के साथ रक्तदान किया। इस मौके पर भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल , जे पी रेवली, सरपंच राजेश, प्रदीप बंसल सुरजीत जयसिंह नरेंद्र आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# ऋषि चैतन्य आश्रम में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 1 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। जीटी** रोड स्थित ऋषि चेतन्य आश्रम में 1 जून को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आनन्दमूर्ति गुरुमां की प्रेरणा से एम्स नई दिल्ली एवं मंथन आई हेल्थ केयर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। शिविर में दृष्टिदोष, मोतियाबिंद, डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा जैसी नेत्र संबंधी बीमारियों की जांच की जाएगी। जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे व दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में विधायक देवेंद्र कादियान भी शिरकत करेंगे।

# रेणु विद्या मंदिर में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा




**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** रेणु विद्या मंदिर परिसर में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विशेष एवं सामान्य श्रेणियों में अलग-अलग विजेताओं की घोषणा की गई और उन्हें सम्मानित इनाम राशि से पुरस्कृत किया गया। मंच सचालन करते हुए आकाश (अक्की) ने हसी खुशी के रंग बखेर दिए। सभी प्रतिभाशाली डांसर्स ने प्रस्तुति दी । अर्बन क्रुव की ने ग्रुप डांस के द्वारा स्त्री का अपमान करने से हुई महाभारत की गाथा को संछिप्त ने परतुत किया जिसकी सभी ने बहुत प्रसंसा की और ग्रुप डांस में विजेता बने । दिव्यांगजन मोहित ने प्रथम खिताप पर कब्जा किया। संस्थान के अध्यक्ष नानक चंद गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को उपहार एवं धनराशि से सम्मानित किया। निर्णायकों ने रेणु विद्या मंदिर द्वारा आयोजित इस नृत्य प्रतियोगिता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष नानक चंद गुप्ता ने भविष्य में और भी भव्य आयोजन करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुलहाड़े ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। निर्णायक मंडल में ईश्वर (कोरियोग्राफर एवं डांसर), सपना यादव (कथक एवं वेस्टर्न डांस कोरियोग्राफर एवं परफॉर्मर), खुशी कौर (कोरियोग्राफर एवं परफॉर्मर) , गोविंदा राणा (कोरियोग्राफर एवं डांसर), आयुष (कोरियोग्राफर एवं डांसर), मेहबूब खान (कोरियोग्राफर एवं डांसर), आकाश (अक्की)(द वॉइस ऑफ हार्ट्स) ने निभाई ।

# स्कूल प्राचार्य पर जानलेवा हमला, नकदी, मोबाइल और दस्तावेज भी गायब

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बेगा गांव के पास कुदरत मार्डन स्कूल के प्राचार्य पर बाइक सवार दो युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी कार के शीशे भी तोड़ दिए। हमले के बाद प्राचार्य की कार में रखी नकदी, मोबाइल व जरूरी दस्तावेज भी गायब मिले। प्राचार्य ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में कुदरत मार्डन स्कूल के प्राचार्य खेड़ी तगा निवासी दीपक ने बताया कि वह 22 मई को अपनी कार से स्कूल संबंधी कार्य निपटाकर लौट रहे थे। इस बीच बेगा गांव के पास बुलेट बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनकी कार रोक ली। बाइक पर प्रिंस निवासी गांव बेगा व उसका साथी मौजूद थे। आरोप है कि दोनो ने उन पर डंडे और लोहे की राड से हमला कर दिया। प्रिंस और उसका साथी उन्हें कार से खींचकर बुरी तरह पीटते रहे और उनकी कार के शीशे तोड़ डाले। घटना स्थल पर दो-तीन अन्य युवक भी मौजूद थे। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी कार से मोबाइल, लगभग 20-22 हजार रुपये व स्कूल के जरूरी दस्तावेज भी गायब मिले। राहगीरों की मदद से घायल प्राचार्य दीपक को घर पहुंचाया गया, जहां से उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज, खानपुर ले जाया गया।

# करोड़ों की लागत से बने अंडरपास में निर्माण के बाद से दो साल से बरसात में भर जाता है पानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** करोड़ों की लागत से गन्नौर से सोनीपत मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बादशाही रोड पर रेलवे अंडरपास में थोड़ी ही बरसात होते ही कई कई फुट तक पानी भर जाता है। अंडरपास को बने हुए दूसरा साल चल रहा है, वाहन चालक भी हैरान है कि कई बार तो जब बरसात भी नहीं होती तब भी अंडर पास में खेतों का पानी भर जाता है, बरसात होने पर तो और भी ज्यादा पानी भर जाता है जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । बीती रात हुई बरसात के बाद अंडरपास में पानी भरने के कारण वाहन चालकों को निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

अंडर पास में निर्माण से अब तक पानी भरने के चलते नहीं की फाइनल पेमेंट, लेकिन विभाग समाधान नहीं करवा रहा

--- करोड़ों रुपए की लागत से बने अंदर पास में शुरूआत से लेकर अब तक लगातार बरसात होने पर वह बिना बरसात के भी कई बार पानी भरने को लेकर लोग हैरान है कि विभाग शुरू से लेकर अब तक स्थाई समाधान नहीं करवा पाया है और ना ही इसका पानी भरने का कारण खोज पाया है लेकिन विभाग के अधिकारी पूछने पर यह कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं कि कहीं ना कहीं अंडरपास की दीवारों से ही पानी का रिसाव हो रहा है, पानी रोकने के लिए उन्होंने आसपास के किसानों को नोटिस भी दिए हैं, बार-बार पानी भरने की समस्या से परेशान वाहन चालकों व लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस मामले की विजिलेंस जांच करवाई जाए और निर्माण के दौरान हुई लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए , उसके बाद ही जाकर इसका सफाई समाधान हो सकता है अन्यथा लोग इस तरह ही परेशान रहेंगे ।निर्माण एजेंसी की फाइनल पेमेंट पेंडिंग है, करीब 7 करोड़ की लागत से बना है अंडरपास : एसडीओ

एचआरडीसी के एसडीओ नरेश ने बताया कि निर्माण के बाद से लगातार पानी भरने की समस्या को लेकर उन्होंने निर्माण एजेंसी की फाइनल पेमेंट रोक रखी है, एजेंसी को जब तक पेमेंट नहीं दी जाएगी तब तक वह पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर लेता, इसके अलावा खेतों से जो पानी आता है उन किसानों को भी नोटिस दिए गए हैं, वे बिल्कुल दीवार के साथ में पानी भर देते हैं।

# तेज आंधी और वर्षा से गढ़ी झंझारा गांव में मकान गिरा, परिवार बाल-बाल बचा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव गढ़ी झंझारा में बीती रात आई तेज आंधी और वर्षा की वजह से कच्चे मकान की कड़ी टूट गई और मकान की छत भरभरा कर गिर गई। हादसे के समय मकान मालकिन पूजा, उनके पति चांद सिंह और अन्य परिवार सदस्य मकान में ही सो रहे थे, लेकिन गनीमत रही कि सभी सुरक्षित बाहर निकल आए और एक बड़ा हादसा टल गया। तेज हवा के चलते मकान पर डाली गई तिरपाल भी उड़ गई, जिससे वर्षा का पानी सीधे अंदर चला गया और घर का सामान भीगकर खराब हो गया। मकान गिरने से पूजा को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पूजा ने बताया कि वर्ष 2017 में भी उनके मकान की छत वर्षा के चलते गिर गई थी, लेकिन उस समय भी सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं मिली। अब दोबारा ऐसी स्थिति में वे बेहद परेशान हैं और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है ताकि उनका परिवार सुरक्षित छत के नीचे रह सके।

**- धतूरी में मकान पर आसमानी बिजली गिरी**

देर रात आई आंधी व तेज वर्षा के बीच धतूरी गांव में एक मकान पर आसमानी बिजली गिर गई। हालांकि मकान में सो रहे सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए। आसमानी बिजली गिरने से मकान की एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।

# नरेला: आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला के प्रतिष्ठित आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में हाल ही में इंटरैक्ट क्लब और रोटरी क्लब सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल परिसर में संपन्न हुआ और समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल बन गया। इस नेक कार्य में स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसने मानवता के प्रति सहयोग और सेवा की भावना को और मजबूत किया। आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्वलन समारोह से हुई, जो जीवन और आशा का प्रतीक बना। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन नरेंद्र कृष्ण शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर्स आकाश शर्मा और ऐश्वर्या शर्मा, प्रबंधन प्रतिनिधि शिल्पी शर्मा, और प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। रोटरी क्लब सोनीपत की ओर से दीपक गुप्ता और अन्य सदस्यों ने भी इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। इंटरैक्ट क्लब के छात्रों ने इस शिविर को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने रक्तदाताओं के पंजीकरण से लेकर मेडिकल जांच और व्यवस्था तक हर पहलू को बखूबी संभाला। छात्रों के उत्साह, नेतृत्व और सेवा भावना की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। स्कूल परिसर में रक्तदान के लिए विशेष रूप से सजाए गए क्षेत्र में रक्तदाताओं का स्वागत पुष्प और तालियों के साथ किया गया, जिसने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया और आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं ने इस अनुभव को भावनात्मक और यादगार बताया और कई ने कहा कि यह पहल उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करेगी। इस आयोजन ने न केवल जरूरतमंदों के लिए रक्त संग्रह किया, बल्कि स्कूल और समुदाय के बीच एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दिया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो किसी की जिंदगी को नई रोशनी दे सकता है। यह शिविर समाज में एकता और सहयोग का संदेश देता है। मैं सभी रक्तदाताओं, हमारे इंटरैक्ट क्लब के छात्रों और रोटरी क्लब सोनीपत के सदस्यों को इस नेक पहल के लिए हार्दिक बधाई देती हूं।

## क्राइम को लेकर पुलिस उपायुक्त ने गठित की कमेटी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तरी बाहरी** जिला डीसीपी निधीन वॉलसन ने एक कमेटी का गठन किया। जिसमें की पीएस भलस्वा डेरी के समाजसेवी, एसीपी, एसएचओ तथा बीट अधिकारी सम्मिलित हुए। इस मीटिंग में क्राइम को लेकर जोरदार चर्चा हुई। इस अवसर पर थाने के तमाम बीट अधिकारी मौजूद रहे। एसीपी अरविंद नेगी ने मंच को संचालित किया। उक्त जानकारी भोजपुरी सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह ने दी। इस अवसर पर भोजपुरी सेवा समिति अध्यक्ष मनोज सिंह जो की मेंबर ग्रुप के रूप में मौजूद रहे, उनके अलावा गौरव सिंह, बिट्टू, शिवजी शाह, रूपा देवी, सत्यनारायण प्रधान आदि भी मौजूद रहे।


## दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन निगम मुख्यालय पर 30 मई को करेगा प्रदर्शन



- कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करें निगम: जेपी टॉक
- मेडिकल कैशलेस कार्ड तुरन्त समस्त कर्मचारियों को दिया जाये। 1998 से 2006 तक के समस्त कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाये। करूणामूलक आधार पर नियुक्त 2015 तक के कर्मचारियों को पक्का किया जाये।
- सेवानिवृत कर्मचारियों को तुरंत समस्त अंतिम लाभाशों का भुगतान कराया जाये। प्रात: पांच बजे की हाजिरी तुरंत बंद कर दी जाये। कर्मचारियों की हाजिरी 6:30 से 2:30 बजें तक पहले की तरह की जाये और दो शिफ्ट में कार्य अति शीघ्र बंद किया जाये।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली नगर** निगम मजदूर फेडरेशन के चेयरमैन जेपी टॉक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन के द्वारा आगामी 30 मई को दिल्ली के निगम मुख्यालय के गेट नम्बर-5 पर विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस संदर्भ में दिल्ली के महापौर सहित कई अधिकारियों को लिखित में पत्र भी दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि काफी समय से सफाई कर्मचारी ज्वलनशील समस्याओं से जूझ रहें है। निगम में प्रशासन जब मनचाहे तानाशाही फरमान जारी कर देता है जिसमें सफाई कर्मचारी मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित होते है। उन्होंने आगे बताया कि हमारी मुख्य मांगे है मेडिकल कैशलेस कार्ड तुरन्त समस्त कर्मचारियों को दिया जाये। 1998 से 2006 तक के समस्त कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाये। करूणामूलक आधार पर नियुक्त 2015 तक के कर्मचारियों को पक्का किया जाये।
उन्होंने आगे बताया कि सेवानिवृत कर्मचारियों को तुरंत समस्त अंतिम लाभाशों का भुगतान कराय जाये। इसके अलावा भी इनकी कई मांगे है।

## जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन के पास जलभराव से लोग हुए परेशान, सरकार मस्त: भारत सिंह राघव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में बारिश होने की वजह से कई जगहों पर जलभराव हो गया, जिसके चलते सुबह लोगों को परेशान होना पड़ा। तो वही, जहांगीरपुरी जीटी करनाल रोड़ पर भी जलभराव हो गया, जिसके चलते लोगों को काफी परेशान होना पड़ा। सबसे ज्यादा जहांगीरपुरी मैट्रो से सफर करने वाले लोगों को परेशान होना पड़ा, क्योंकि जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन के आस-पास बारिश की वजह से काफी ज्यादा जलभराव हो गया। इस संदर्भ में बोलते हुए आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि दिल्ली में सरकार बदल गई है, लेकिन धरातल पर हालात जस के तस ही है। दिल्ली में बारिश के बाद स्थित पहले की तरह ही हो रही है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि वैसे तो दिल्ली में शासित भाजपा सरकार ने जलभराव के निपटान को लेकर कई वादे किये, लेकिन बारिश में सभी वादे धुलते नजर आ रहे है क्योंकि जगह-जगह जलभराव होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ता है। सरकार को जलभराव की समस्या का उचित समाधान करना चाहिए। जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अशोक विहार मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण को सुनते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज, जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, भाजपा नेता अशोक भारद्वाज व अन्य कार्यकर्ता।

## भाजपा के कार्यों से काफी खुश है दिल्ली के लोग: संजय तिवारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में हमेशा ही कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी की नीति व कार्यों से प्रभावित होकर बहुताय की संख्या में लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में विकास की गति काफी तेज हुई है दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सहित मंत्रिमंडल बड़ा ही बेहतरीन कार्य कर रहा है, जिसके लिए पूरा मंत्रिमंडल बधाई का पात्र है।
उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है, देश में नई योजनाएं लागू होने से देश की प्रगति हो रही है।

## श्रद्धानंद कॉलोनी: कांग्रेस दिल्ली को नशामुक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी: देवेन्द्र यादव




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने नशे के विरुद्ध कांग्रेस का युद्ध की शुरूआत करते हुए दिल्ली में नशाखोरी, अवैध शराब, ड्रग्स, सट्टा और जुए जैसे अपराधों के खिलाफ आओ मिलकर करें शपथ, दिल्ली को बनाऐ नशा मुक्त नारे के साथ अभियान छेड़ दिया। दिल्ली कांग्रेस ने नशे के विरुद्ध युद्ध की शुरूआत रोहिणी जिला में बादली विधानसभा से लीले पहलवान फार्म हाउस, मंगल बाजार रोड़, स्वामी श्रद्धानंद कालोनी से शांति मार्च निकाल कर की और कलंदर कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, दुर्गा चौक व राजीव नगर होती हुई भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन पर खत्म हुई। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार 6 बलात्कार, 2 हत्या, 18 झपटमारी (सैंकड़ों चेन स्नेचिंग के ऐसे मामले होते है जो दर्ज नहीं होते) और 3 डकैती दैनिक रूप दर्ज हो रहे है और नशा निरोधक एनडीपीएस के अनुसार नशीले पदार्थ पकड़े जाने के 5 मामले रोज दर्ज हो रहे है। श्री यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार की एनकॉर्ड संस्था जो ड्रग और नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए काम करता है। यह चिंताजनक है कि पिछले 6 वर्षों में एनकॉर्ड की एपेक्स कमेटी ने नशे को रोकने को लेकर दिल्ली के संबध में कोई बैठक नहीं की है और न ही एनकॉर्ड ने दिल्ली में कोई बैठक की है नशे के कारोबार पर नियंत्रण करने के लिए।
जिससे साफ पता चलता है कि भाजपा सरकार की दिल्ली में नशे की रोकथाम के लिए ढुलमुल नीति पर चल रही है।

## रोहिणी: विजेन्द्र गुप्ता ने मनोरंजन केंद्रों का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीन नए मनोरंजन केंद्रों का उद्घांटन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है और उनका अनुभव समाज के लिए एक अनमोल धरोहर है, जिसका सदुपयोग होना चाहिए।

# आदर्श नगर विधानसभा: आजादपुर मंडल ने निकाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदर्श नगर** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले आजादपुर मंडल में आजादपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष इंद्रजीत मुखी के नेतृत्व में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार भाटिया, निगम पार्षद सुमन शर्मा का सानिध्य रहा एवं क्षेत्रीय समाजसेवी, सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के अलावा कई अन्य गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में अलग ही देशभक्ति जोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाये। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार भी रखें।

# विराट और रोहित की इन खूबियों से प्रेरित हैं गिल, टेस्ट कप्तानी पर भी की बात






**नई दिल्ली :** रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल को टेस्ट टीम का नया कप्तान बना दिया। वह अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे। रविवार को बीसीसीआई ने भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का खास इंटरव्यू जारी किया। इसमें उन्हें आगामी सीरीज के लिए तैयारियों को लेकर बात करते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी चर्चा की।

**रोहित-विराट की किन खूबियों से प्रेरित हैं गिल?**

25 वर्षीय बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय टीम के 37वें टेस्ट कप्तान हैं। वह पांचवें सबसे युवा कप्तान भी हैं। रविवार को बीसीसीआई की तरफ से जारी किए गए वीडियो में गिल ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की खूबियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा- 'दोनों अपनी शैली के मामले में बहुत विपरीत थे, लेकिन दोनों को एक समान लक्ष्य की ओर काम करते देखना बहुत प्रेरणादायक था। आप एक कप्तान के रूप में जीतना चाहते हैं और आपकी शैली अलग हो सकती है। वे दोनों बहुत अलग थे, लेकिन अपने-अपने अर्थों में समान भी थे। विराट भाई हमेशा बहुत आक्रामक थे, हमेशा भूख और जुनून के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहते थे, जबकि रोहित भाई भी आक्रामक थे, लेकिन आप उनकी प्रतिक्रिया या उनके हाव-भाव पर यह नहीं देख सकते। वह ऐसे व्यक्ति थे जो मैदान पर हमेशा बहुत आक्रामक रहते थे।'

**सीनियर्स से मिला गिल को मंत्र**

इसके अलावा गिल ने यह भी बताया कि कैसे विराट, रोहित और रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने उन्हें विदेशी परिस्थितियों में सफल होने के लिए मंत्र दिया। उन्होंने आगे कहा- 'रोहित भाई बहुत शांत और चतुराई से खेलने वाले व्यक्ति थे, हमेशा मौजूद रहते थे और वह खिलाड़ियों से बहुत संवाद करते थे कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं। और इसलिए ये वे गुण हैं जो मैंने उनसे सीखे हैं। रोहित भाई, विराट भाई और अश्विन भाई जैसे लोगों ने हमें घर से बाहर दौरे करने और मैच और सीरीज जीतने का मंत्र दिया है।'

**गिल ने ऑस्ट्रेलिया में किया था टेस्ट डेब्यू**

गिल ने टेस्ट में 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर डेब्यू किया था। गाबा में टेस्ट में उन्होंने 91 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। इस मैच को जीतकर अजिंक्य रहाणे की टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 की अजेय बढ़त हासिल की थी। तब से लेकर अब तक गिल ने 32 टेस्ट में 35.03 की औसत से 1893 रन बनाए हैं। इसमें पांच शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 210 चौके और 31 छक्के लगाए हैं। हालांकि, भारत से बाहर गिल का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। खासतौर पर इंग्लैंड में गिल कुछ खास नहीं कर पाए हैं। वहां उन्होंने दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी खेले हैं। इंग्लैंड में तीन मैचों में उन्होंने 15 से कम की औसत से 88 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया में गिल ने छह टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 35.20 की औसत से 352 रन बनाए हैं।

# प्लेऑफ से पहले आरसीबी में जोश हेजलवुड की हुई वापसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। सिर्फ कुछ लीग मुकाबले बाकी हैं, उसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे और फिर 3 जून को फाइनल खेला जाएगा। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टीम से जुड़ गए हैं। आरसीबी को अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मंगलवार अर्थात 27 मई को खेलना है। इसके बाद प्लेऑफ मुकाबले शुरू हो जाएंगे। ऐसे में आरसीबी के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि उनकी टीम का प्रमुख तेज तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड वापस आ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के आगमन की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, "वो आ गया। स्वागत है जोश रेजिनाल्ड हेजलवुड!' दरअसल, जोश हेजलवुड ने आईपीएल 2025 में अपना आखिरी मैच 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था। इसके बाद तीन मई को वह कंधे की चोट के चलते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। फिर भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते 9 मई को आईपीएल एक हफ्ते के लिए सस्पेंड हो गया था। तब हेजलवुड अपने घर लौट गए थे। बाद में 17 मई को फिर से सीजन की शुरूआत हुई। ऐसे में अब हेजलवुड एक बार फिर अपनी टीम के साथ जुड़ गए हैं। हेजलवुड के आने से टीम को मजबूती मिलेगी। 34 साल के जोश हेजलवुड ने अब तक आईपीएल 2025 में कुल 10 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 8.44 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए 18 विकेट झटके हैं। हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से लॉर्ड्स में खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं। इस सब के बावजूद जोश हेजलवुड आरसीबी के साथ जुड़े हैं।

## इंग्लैंड दौरे पर श्रेयस की अनदेखी से बिफरे सहवाग

**नई दिल्ली :** पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने इंग्लैंड दौरे पर श्रेयस अय्यर की अनदेखी पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने चयनकर्ताओं से पूछा है कि आखिर क्यों स्टार बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में नहीं चुना गया। बता दें कि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया जबकि ऋषभ पंत को उपकप्तानी का जिम्मा सौंपा गया।

# मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे भारत के श्रीकांत, चीन के फेंग ने दी शिकस्त



**उपविजेता**

▢ मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली और वह उपविजेता रहे

**कुआलालंपुर :** भारत के किदांबी श्रीकांत रविवार को मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली और वह उपविजेता रहे। उन्हें पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। चोट की वजह से हाल फिलहाल में कई अवसर गंवाने के बाद श्रीकांत ने मलयेशिया मास्टर्स में जबरदस्त वापसी की। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने छह साल में पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वालिफायर से शुरूआत की और खिताबी मुकाबले तक शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का प्रदर्शन अनियमित रहा और वह दूसरे वरीय ली के मजबूत डिफेंस को भेदने में संघर्ष करते रहे। वह मौके भुनाने में भी असफल रहे और आखिरकार 36 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए। हार के बावजूद श्रीकांत का प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में दुनिया में 82वें नंबर पर खिसकने के बाद, दुनिया को अपनी क्षमता की याद दिलाने के लिए धैर्य और क्लास दिखाया। श्रीकांत पिछली बार 2019 इंडिया ओपन में इहऋवर्ल्ड टूर के फाइनल में पहुंचे थे, जहां वे उपविजेता भी रहे थे। वे 2021 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता भी रहे। श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन उसके तुरंत बाद उनका संघर्ष शुरू हो गया।। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं। श्रीकांत ने मैच के बाद कहा, 'यह सप्ताह काफी अच्छा रहा। यह मेरा सत्र का तीसरा टूनामेंट है, पहले दो टूनामेंट में भी मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिली। अब तक जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं काफी खुश हूं। मैं जिस तरह से खेलना चाहता था, वैसा नहीं हुआ, लेकिन वह (शी फेंग) काफी अच्छा खेला। मेरे करियर में एक ऐसा समय था जब मैं वहां खड़े रहने का आदी था।

# अनुष्का के साथ अयोध्या पहुंचे विराट कोहली; रामलला के किए दर्शन,

**शांति**

▢ रविवार को विराट अनुष्का के साथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भगवान रामलला और भगवान हनुमान के दर्शन किए



**अयोध्या :** टेस्ट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली इन दिनों भगवान के दर पर माथा टेकने पहुंच रहे हैं। उनकी जीवन संगिनी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ ही दिखती हैं। रविवार को विराट अनुष्का के साथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भगवान रामलला और भगवान हनुमान के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वहां पूजा अर्चना की और भगवान के दर पर माथा टेका। हनुमान गढ़ी मंदिर में उनके पूजा अर्चना का वीडियो भी सामने आया है। हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी ने उन्हें फूल माला पहनाया और टीका लगाया। विराट इससे पहले वृंदावन भी पहुंचे थे और वहां संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम जाकर उनसे आशीर्वाद लिया था। कोहली फिलहाल आईपीएल में व्यस्त हैं और अपने आखिरी लीग राउंड के मैच के लिए लखनऊ में हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आरसीबी को 27 मई को मुकाबला खेलना है। इससे पहले विराट ने अनुष्का के साथ अयोध्या जाने का मन बनाया। इन दोनों ने भगवान राम के मंदिर और हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। विराट ने इसी महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था और अब वह भारत के लिए सिर्फ वनडे खेलते नजर आएंगे। दोनों ने वहां मंदिर में काफी समय बिताया। नीचे आप वीडियो देख सकते हैं...

हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी संजय दास जी महाराज ने कहा, 'विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को आध्यात्म, संस्कृति, ईश्वर और सनातन धर्म से गहरा लगाव है। उन्होंने भगवान रामलला के दर्शन किए और फिर भगवान हनुमान से आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां आध्यात्म और पौराणिक बातों पर भी चर्चा की। उन दोनों ने रामलला का परिक्रमा भी किया और हनुमान जी का आशीर्वाद भी लिया। निश्चित ही हनुमान जी का आशीर्वाद लिया है तो फल मिलेगा ही।'

# प्लेऑफ में पहुंची चारों टीमों के लिए अब करो या मरो वाले मैच, एक हार और शीर्ष-दो की रेस से होंगे बाहर

**नई दिल्ली:** आईपीएल 2025 में अब जंग प्लेऑफ से हटकर शीर्ष दो में जगह बनाने की हो गई है। प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकीं गुजरात टाइटंस, पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस की टीमें अब शीर्ष दो में स्थान बनाने के लिए जूझ रही हैं। हालांकि, पिछले तीन दिनों में जो नतीजे आए हैं, उसने सभी को चौंका कर रख दिया है। पिछले तीन दिनों में प्लेऑफ के लिए सबसे पहले क्वालिफाई करने वाली तीन टीमों को हार का सामना करना पड़ा है। इससे शीर्ष दो की जंग अब रोमांचक हो चली है। पिछले तीन दिनों में गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स को हार मिली है और इसने मुंबई इंडियंस को फायदा पहुंचाया है। अब प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली चारों टीमों के लिए आखिरी मैच को जीतना जरूरी है। जो टीम हारेगी, उसके शीर्ष दो में आने की संभावना कम हो जाएगी। अब चारों टीमें एक दूसरे के नतीजों पर निर्भर है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** आरसीबी के लिए सबसे आसान समीकरण यह है कि टीम और उसके फैंस यह मनाएं कि टीम लखनऊ के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला जीत जाए और गुजरात अपना आखिरी मैच हार जाए। ऐसे में आरसीबी का शीर्ष दो में स्थान पक्का हो जाएगा। गुजरात अगर सीएसके के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीतती है तो आरसीबी के लिए परेशानियां खड़ी हो जाएंगी। टीम को हार हाल में अपना आखिरी मैच जीतना होगा और वह भी बड़े अंतर से। साथ ही यह मनाना होगा कि पंजाब मुंबई के खिलाफ भी हार जाए। अगर गुजरात अपना आखिरी मैच जीतती है और आरसीबी अपना आखिरी मैच हारती है और पंजाब-मुंबई मुकाबले को जीतने वाली टीम शीर्ष दो की दूसरी टीम बनेगी। अगर आरसीबी और पंजाब दोनों टीमें अपना-अपना आखिरी मैच जीतती हैं तो दोनों के 19-19 अंक होंगे और नेट रन रेट पर दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का फैसला होगा। अगर गुजरात की अपना आखिरी मैच जीतती है और पंजाब अपने दोनों मैच हार जाए तो यह सोने पर सुहागा होगा और आरसीबी के लिए बस एक जीत काफी होगी शीर्ष दो में स्थान पक्की करने के लिए। गुजरात की टीम अपना आखिरी मैच हारती है और पंजाब अपने दोनों मैच हारती है तो बेंगलुरु के लिए 27 मई को लखनऊ के खिलाफ जीत काफी होगा। इस स्थिति में मुंबई के लिए भी शीर्ष दो का रास्ता खुल जाएगा।

**गुजरात टाइटंस:** गुजरात की टीम फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम के 18 अंक हैं और शीर्ष दो में स्थान बनाने के लिए सबसे मजबूत दावेदार है। टीम के लिए 25 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए काफी होगा। अगर टीम जीतती है तो 20 अंक लेकर शीर्ष दो में अपना स्थान पक्की कर लेगी। मौजूदा स्थिति में कोई भी टीम 20 का आंकड़ा पार नहीं कर सकती है। हालांकि, सीएसके के खिलाफ हार टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर देगा। गुजरात की टीम हार हाल में सीएसके के खिलाफ मुकाबले को जीतना चाहेगी। अगर टीम हारती है तो उसे मनाना होगा कि पंजाब मुंबई को हरा दे। साथ ही बेंगलुरु भी अपना आखिरी मुकाबला हार जाए। इस स्थिति में आरसीबी के 17 अंक और मुंबई के 16 अंक ही रह जाएंगे, जबकि पंजाब 19 अंक और गुजरात 18 अंक के साथ शीर्ष दो में रहेगी। अगर गुजरात सीएसके से हारती है तो उन्हें यह मनाना होगा कि पंजाब मुंबई को हरा दे और आरसीबी भी अपना आखिरी मुकाबला हार जाए।

इस स्थिति में पंजाब और गुजरात शीर्ष दो स्थान पर रहेंगी। पंजाब अगर मुंबई से हार जाती है तो एमआई पलटंस के 18 अंक हो जाएंगे और मुंबई टीम का नेट रन रेट सभी 10 टीमों में सबसे बेहतर है। ऐसे में मुंबई और गुजरात के 18-18 अंक होने पर मुंबई क्वालिफाई कर जाएगी।

इस स्थिति में गुजरात चाहेगा की आरसीबी भी हार जाए तो गुजरात और मुंबई दोनों शीर्ष दो स्थान पर रहेंगी। अगर आरसीबी जीती तो



**पंजाब किंग्स:** पंजाब की टीम को दिल्ली से हारकर मुश्किल स्थिति में आ चुकी है। टीम को अब मुंबई के खिलाफ (26 मई) को हर हाल में जीतना होगा। इस स्थिति में उनके 19 अंक होंगे और शीर्ष दो में स्थान तब भी पक्का नहीं होगा। इस स्थिति में गुजरात की टीम अपना आखिरी मैच जीतती भी है तो उसके 20 अंक हो जाएंगे और आरसीबी के जीतने पर उसके पंजाब के साथ 19-19 अंक होंगे। ऐसे में नेट रन रेट का खेल होगा। पंजाब की टीम अगर मुंबई को हराती है तो इस स्थिति में टीम को यह मनाना होगा कि गुजरात या तो अपना आखिरी मैच हार जाए और बेंगलुरु अपना आखिरी मैच जीते या फिर बेंगलुरु अपना आखिरी मैच हारे और गुजरात जीत जाए।

गुजरात के हारने और बेंगलुरु के जीतने पर पंजाब और बेंगलुरु दोनों के 19-19 अंक होंगे और शीर्ष दो में स्थान पक्का हो जाएगा। गुजरात के जीतने और बेंगलुरु के हारने पर गुजरात के 20 अंक और पंजाब के 19 अंक होंगे और दोनों का शीर्ष दो स्थान पक्का हो जाएगा।



**मुंबई इंडियंस:** मुंबई कई टीमों का खेल बिगाड़ सकती है। टीम को अगर शीर्ष दो में जगह बनानी है तो उन्हें यह मनाना होगा कि गुजरात अपना आखिरी मैच हार जाए। साथ ही मुंबई पलटंस पंजाब को आखिरी मैच में हरा दे और आरसीबी अपना आखिरी मैच हार जाए। इस स्थिति में मुंबई और गुजरात दोनों के 18-18 अंक होंगे, जबकि पंजाब-आरसीबी 17 अंक पर ही रह जाएंगे। मुंबई की टीम बेहतर नेट रन रेट की वजह से गुजरात से ऊपर रहेगी और शीर्ष दो में रहते हुए प्लेऑफ में पहुंचेगी। मुंबई को हर हाल में पंजाब के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीतना ही होगा। अगर गुजरात की टीम अपना आखिरी मैच जीतती है तो मुंबई को पंजाब को हराना ही होगा और यह मनाना होगा कि आरसीबी अपना आखिरी मैच हार जाए। इस स्थिति में गुजरात के 20 अंक होंगे और मुंबई 18 अंक के साथ शीर्ष दो में स्थान पक्की कर लेगा। पंजाब और आरसीबी के 17-17 अंक ही रह जाएंगे। आरसीबी के आखिरी मैच जीतने पर मुंबई की टीम को मनाना होगा कि गुजरात और पंजाब अपने बाकी मैच हार जाएं। तब बेंगलुरु और मुंबई शीर्ष दो स्थान पर रहेंगे।

## 29 मई से प्लेऑफ की शुरूआत, तीन जून को मिलेगा चैंपियन

**प्लेऑफ** लेग की शुरूआत 29 मई से होने जा रही है। इस साल क्वालिफायर-एक 29 मई को मोहाली में खेला जाएगा। वहीं, एलिमिनेटर 30 मई को मोहाली में ही खेला जाएगा। एक जून को अहमदाबाद में क्वालिफायर-दो खेला जाना है, जबकि तीन जून को अहमदाबाद में ही फाइनल खेला जाएगा। क्वालिफायर-एक में अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें भिड़ती हैं। इस मैच को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है, जबकि हारने वाली टीम को एक और मौका मिलता है। क्वालिफायर-एक के बाद एलिमिनेटर खेला जाता है। यह अंक तालिका में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच खेला जाता है। यह एक नॉकआउट मैच होता है। हारने वाली टीम आईपीएल से बाहर हो जाती है, जबकि जीतने वाली टीम को क्वालिफायर-एक में हारने वाली टीम के साथ क्वालिफायर-दो में भिड़ना होता है। इस मैच को जीतने वाली टीम क्वालिफायर-एक को जीतने वाली टीम से फाइनल में भिड़ती है, जबकि हारने वाली टीम आईपीएल से बाहर हो जाती है। तीन जून को इस साल का विजेता मिल जाएगा।

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम ने की यूपी के हनी उद्यमियों की प्रशंसा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में सुनी पीएम के 'मन की बात'
- कहा- प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में निरंतर सशक्त हो रहा 'खेलो इंडिया' का विजन
- यूपी के तीन खिलाड़ियों कादिर खान, शेख जीशान और तुषार चौधरी ने अलग-अलग खेलों में तोड़ा है नेशनल रिकॉर्ड

**शुभकामनाएं**

- सीएम योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल ही में बिहार में संपन्न हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों, बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पीएम ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे हनी उद्यमियों की भी प्रशंसा की। वहीं नई दिल्ली में एनडीए मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम के इस कार्यक्रम को सुना। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहद उत्पादन में प्रदेश की प्रगति को 'मधुमय अभियान' बताते हुए इसे भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जाने वाला बताया।

**प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में निरंतर सशक्त हो रहा 'खेलो इंडिया' का विजन**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर खेलो इंडिया के तीनों रिकॉर्ड ब्रेकर खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया और कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' का विजन निरंतर सशक्त हो रहा है। उन्होंने तुषार चौधरी, कादिर खान और शेख जीशान के शानदार प्रदर्शन को उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्पशक्ति का परिणाम बताया। सीएम ने प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कौन हैं कादिर, जीशान और तुषार, जिनकी पीएम और सीएम ने की हौसला-अफजाई**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के जिन खिलाड़ियों की प्रशंसा की है उनमें बरेली के कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान खींचा है। बरेली के एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कादिर की इस उपलब्धि ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। वहीं, वाराणसी के शेख जीशान ने ट्रिपल जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता है। ऑटो चालक के बेटे जीशान ने आर्थिक तंगी के बावजूद अपने जुनून को बनाए रखा और वाराणसी के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में प्रशिक्षक डॉ. मंजूर आलम अंसारी के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा को निखारा। इसी प्रकार बिजनौर के किसान संजय सिंह के पुत्र तुषार चौधरी ने वेटलिफ्टिंग में 102 किलोभार वर्ग में 289 किलोभार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर खेलो इंडिया 2025 को यादगार बना दिया।

## आत्मनिर्भर भारत की गूंज को विश्व में फैलाया

**मुख्यमंत्री** ने एक अन्य एक्स पोस्ट में ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी के विचारों की सराहना की, जिसे उन्होंने ह्यभारत के मन की बातह्न का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीय आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और सेना के साथ पूर्ण विश्वास के साथ खड़े हैं। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न में भारतीय सेना के पराक्रम और स्वदेशी हथियारों व तकनीक की सफलता ने ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न की गूंज को विश्व में फैलाया है। सीएम ने इस ऑपरेशन को आतंकवाद के खात्मे के संकल्प और राष्ट्रवादी चेतना का प्रतीक बताते हुए पीएम के प्रेरक उद्बोधन के लिए आभार जताया।

सेहत, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहा मधुमय अभियान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन के क्षेत्र में हो रही प्रगति की चर्चा पर भी अपने पोस्ट में इसे 'मधुमय अभियान' बताया। सीएम ने कहा कि 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन' और 'शहद मिशन' जैसी योजनाओं के समर्थन से शहद उत्पादन में लगभग 60% की वृद्धि हुई है, जिससे भारत शहद उत्पादन और निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। यह अभियान सेहत, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जा रहा है।

# ''मन की बात'' सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास'



**श्रवण**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में "मन की बात" के 122वें संस्करण का किया श्रवण

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम "मन की बात" के 122वें संस्करण का नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "मन की बात" कार्यक्रम का श्रवण करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया "एक्स" पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का "मन की बात" कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने "मन की बात" में बताया कि पिछले वर्षों में मधुमक्खी पालन क्षेत्र में भारत में एक क्रांति हुई है।

आज से 10-11 साल पहले भारत में वार्षिक शहद उत्पादन 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन के आसपास हो गया है। इस तरह शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# अश्लील वीडियो मामले में एनएएचआई कर्मचारियों पर ब्लैकमेलिंग का आरोप

**आरोप**

- एनएचएआई के कर्मचारियों ने धाकड़ को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की



**टीम एक्शन इंडिया**
**मंदसौर।** मध्य प्रदेश में भाजपा नेता मनोहर लाल धाकड़ के अश्लील वीडियो के वायरल होने के बाद कार्रवाई जारी है। वहीं अब इस मामले में नया खुलासा हुआ है। एनएचएआई के कर्मचारियों ने धाकड़ को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की। रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर वीडियो लीक कर दिया। खुलासा होने के बाद एनएचएआई ने वीडियो वायरल करने के आरोप में तीन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। एसपी ने कंट्रोल रूम के मैनेजर को नोटिस भेजा है। आरोप है कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारियों ने बीजेपी नेता मनोहर लाल धाकड़ को ब्लैकमेल करने की कोशिश की थी। जब 8 दिनों तक बात नहीं बनी, तो उन्होंने वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी की कार जब्त कर ली है और अब महिला की पहचान करने में जुटी है। इस घटना के बाद धाकड़ को युवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री पद से भी हटा दिया गया है। बता दें कि वीडियो दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस वे पर 13 मई 2025 की रात करीब 8 बजे का बताया जा रहा है। वीडियो में भानपुरा के नीमथुर वाले पॉइंट पर कार क्रमांक एमपी 14 सीसी 4782 में से उतरने के बाद 8 मिनट तक धाकड़ व महिला बेहद आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दिए थे। इससे पहले की दोनों कार से वापस जाते, मौके पर एनएचएआई के 10 से 15 कर्मचारी पहुंच गए। दोनों से कहा कि तुम्हारी करतूत रोड पर लगे कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। रिकॉर्डिंग के कुछ अंश भी दिखाए। वीडियो वायरल न करने के लिए रुपए मांगे। उस समय सौदा नहीं हुआ तो धाकड़ से 8 दिन तक रुपए को लेकर बात होती रही। धाकड़ रिकॉर्डिंग मिटाने की शर्त पर रुपए देने को तैयार था। लेकिन कर्मचारी उसे वायरल नहीं करने का कहते रहे। जब बात नहीं बनी तो कर्मचारियों ने 9वें दिन पहले स्क्रीन शॉट और कुछ घंटे बाद वीडियो वायरल कर दिया। यह आरोप धाकड़ के परिवारजनों ने लगाए है।

**पार्टी ने पद से हटाया**

*वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर बीजेपी पर जमकर हमला बोला। पुलिस ने खुद ही इस मामले पर ध्यान दिया और मनोहर लाल धाकड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। भानपुरा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 285, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं धाकड़ महासभा ने मनोहर लाल को युवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री पद से हटा दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन धाकड़ ने आदेश जारी करते हुए कहा कि मनोहरलाल धाकड़ ग्राम बनी जिला मंदसौर, महोदय, समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार आपको युवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री पद से कार्यमुक्त किया जाता है।*

**बीजेपी ने किया किनारा**
मनोहरलाल धाकड़ की भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें सामने आने के बाद पार्टी पर भी सवाल उठने लगे थे। मनोहर लाल धाकड़ को बीजेपी नेता बताया जा रहा है, लेकिन बीजेपी ने स्पष्ट किया है कि वे पार्टी के प्राथमिक सदस्य भी नहीं हैं।

# खंडवा में आदिवासी महिला की सामूहिक दुष्कर्म के बाद मौत, विपक्ष ने घेरा

**कार्रवाई की मांग**

- पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा- यह इलाका विजय शाह का, क्या कोई कार्रवाई होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ग्रामीण अंचल में दिल्ली के निर्भया कांड जैसा एक मामला सामने आया है। यहां एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घिनौनी वारदात हुई है। इतना ही नहीं दुष्कर्मियों ने सारी हदें पार करते हुए महिला के प्राइवेट पार्ट में रॉड और लकड़ी डालकर गर्भाशय को बाहर निकाल दिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात के बाद महिला ने दम तोड़ दिया है। महिला के शव का रविवार सुबह मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक विभाग के एक्सपर्ट की निगरानी में पोस्टमॉर्टम हुआ। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। गैंगरेप की घटना के बाद विपक्ष ने सरकार को जमकर घेरा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने सरकार से सवाल पूछा है कि आखिर मध्य प्रदेश में बहन-बेटियां कब सुरक्षित रहेंगी? भोपाल में कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और विधायक आरिफ मसूद ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान अरुण यादव ने खंडवा जिले में हुई रेप की घटना को लेकर सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा कि खंडवा में एक महिला के साथ दुष्कर्म कर बच्चेदानी निकाल दी गई। उसकी मौत हो गई। यह क्षेत्र बीजेपी नेता और मंत्री विजय शाह का है और अब कांग्रेस देखना चाहती है कि वे इस गंभीर मुद्दे पर क्या कार्रवाई करते हैं। वहीं, विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि अगर कोर्ट को ही सब निर्णय लेने है, तो सरकार का अस्तित्व ही क्यों? अरुण यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश देश का ऐसा राज्य बन चुका है, जहां सबसे ज्यादा यौन शोषण के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा, "यह साफ संकेत है कि प्रदेश में सरकार की कानूनी व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है।

## गोल्डन कार्ड के दुरुपयोग के लिए 11 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) और सेहत के तहत गोल्डन कार्ड योजना के कथित दुरुपयोग के लिए 11 सरकारी अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पैरामाउंट हेल्थ सर्विसेज एंड इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टेली-कॉलिंग सर्वेक्षण के बाद राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) ने कार्रवाई की। इन अस्पतालों ने पात्र रोगियों को कैशलेस उपचार देने से इनकार कर दिया, जिससे उन्हें अपनी जेब से खर्च करने के लिए मजबूर होना पड़ा। जिन अस्पतालों को नोटिस भेजा गया है, उनमें एसकेआईएमएस सौरा, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अस्पताल गांधी नगर और एसकेआईएमएस मेडिकल कॉलेज बेमिना शामिल हैं।




## राजस्थान में नौतपा की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राजस्थान में नौतपा की शुरूआत इस बार मौसम के बड़े बदलाव के साथ हुई है। राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित किया है। वहीं तापमान में गिरावट से लोगों को भीषण गर्मी से मामूली राहत भी मिली है। खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी शहर में शनिवार रात तेज आंधी के चलते एक कच्ची दीवार गिर गई, जिससे सुमया और उसकी एक वर्षीय बेटी तानिया की मौत हो गई।

जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, सीकर, नागौर, अलवर, टोंक, झुंझुनूं और खैरथल-तिजारा जैसे कई जिलों में शनिवार देर रात से लेकर रविवार सुबह तक आंधी के साथ तेज बारिश दर्ज की गई। जयपुर में रविवार सुबह 8:10 बजे हल्की बारिश हुई, वहीं शनिवार रात धूल भरी तेज हवाएं भी चलीं। नागौर, श्रीगंगानगर और झालावाड़ जिलों में कई जगहों पर 1 से 8 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई। अलवर जिले के राजगढ़ और रामगढ़ में सबसे अधिक 26 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

# मोदी-योगी ने जल जीवन मिशन से बदली बुंदेलखंड की दशा-दिशा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** पीएम मोदी व सीए योगी ने जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल परियोजना से बुंदेलखंड की दशा-दिशा बदल दी। यह दावा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग का अध्ययन कर रहा है। राज्य जल व स्वच्छता मिशन कार्यालय के आग्रह पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने सभी सातों जनपदों के 10-10 गांवों में जाकर सर्वे किया। एक तरफ विश्वविद्यालय ने जहां स्वास्थ्य, शिक्षाआर्थिक मानकों व सामाजिक दृष्टिकोण में आए सकारात्मक पहलुओं को उजागर किया तो वहीं कई विभाग को कई सुझाव भी दिए। अध्ययनमहिलाओं, युवाओं, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों आदि से बातचीत के आधार पर किया गया। अध्ययन के जरिए बुंदेलखंड के लोगों के जीवन में आए बदलाव को रेखांकित किया गया।

**बुंदेलखंड के सातों जनपदों के 10-10 गांवों में हुआ सर्वे**
**बांदाः** नारायणपुर, मझिवा सानी, जखनी, गोरेमऊ कलां, डाडामऊ, नरी, सहूरपुर,गरौली शुक्ल, थरथुआ व बड़ांखर खुर्द
चित्रकूटः देउंधा,चहटा, नोनमई, बुधवल, बरहट, रामटेकवा, बसावनपुर, मानिकपुर, सरहट व हनुवा
**हमीरपुरः** हरौलीपुर, पचखुरा, बिलौटा, रिऊआ, हसऊपुर सैंसा, धरकपुर, जरिया टीला, करगवा, टिकुर व अतरा
झांसीः गुवावली, बैजपुर, सिया, सुल्तानपुरा, पुरवा, घाटकोटरा, पारीक्षा, तिलैथा, गैरहा व चिरकना
*जालौनः हथेरी, चमारी, रायपुरा, रवा, रूरा सिरसा, सला (जम्होरी खुर्द), झगुई खुर्द, मषई एट (घमसेनी), जौसारी खुर्द व गिरथान
महोबाः बरी, बघवा खेड़ा, गड़हरी, रिहुनिया, इमली खेड़ा, बमनेथा, काशीपुरा, लिलवा, धनावन व कुरौरा डांग
ललितपुरः
रामपुर, बदनपुर, पिपरट, बम्हौरी, कचनौदा, गुगखारा, कल्याणपुरा, गदयाना, इक्कलगुवा व थनरावा